

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

रांची, सोमवार,25 अगस्त 2025

संवत 2082, भाद्रपद शुक्ल 2 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 352 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक

4 ▸▸ इश्क़ : जलमार्गों की सुरक्षा का स्वदेशी प्रहरी

नोरा फतेही का 'डांस विद नोरा' ◂◂ 6



### झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र,5 मिनट में सदन हुआ स्थगित

# सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच की मांग को लेकर विपक्ष का सदन के अंदर-बाहर प्रदर्शन






**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में आज सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार हंगामा हुआ। इस हंगामे के बीच स्पीकर रवीन्द्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विपक्ष के सदस्य सदन में अपने आसन से उठकर हंगामा करते नजर आये। स्पीकर के बार-बार रोकने के बावजूद जब विपक्ष शांत नहीं हुआ, जिसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने विधानसभा परिसर में हंगामा शुरू कर दिया था। सूर्या हांसदा मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर विपक्ष के सदस्य सदन के बाहर तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते नजर आये। इसके अलावा रिम्स-2 से जुड़े विवाद पर भी विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है।

मालूम हो दो दिन के अवकाश के बाद आज सोमवार को मानसून सत्र की कार्यवाही वापस शुरू हुई। इससे पूर्व 22 अगस्त को वित्तीय मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 4 हजार 296 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया था। यह सत्र 28 अगस्त तक चलेगा, जिसमें कुल चार कार्य दिवस होंगे।

# सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत परिजनों ने किया सड़क जाम



**संवाददाता**

**चौपारण:** हजारीबाग जिले के चौपारण-चतरा रोड में कल रविवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गयी। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने आज सोमवार की सुबह शव के साथ जीटी रोड को जाम कर दिया है। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। सैकड़ों की संख्या में छोटी-बड़ी गाड़ियां जाम में फंसी हुई है।

**ट्रेलर की चपेट में आये पिता पुत्र:** घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल रात परसावां निवासी मो जमाल (52) अपने का पुत्र मो नौशाद (25) और एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक से चौपारण की ओर आ रहे थे। इसी दौरान तीनों एक ट्रेलर की चपेट में आ गये। तीनों को घायलावस्था में सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पिता की मौत हो गयी। इसके बाद नौशाद और दूसरे व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग के शेख भिखारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। हजारीबाग जाने के क्रम में नौशाद ने भी दम तोड़ दिया। जबकि एक अन्य व्यक्ति की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है।

घटना के बाद पुलिस ने ट्रेलर और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। इसी बीच आज सोमवार की सुबह अफवाह उठी कि जब्त ट्रेलर का डाला बदल दिया गया है और बाइक गायब है। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने शव के साथ रोड जाम कर दिया। जाम स्थल पर पूर्व विधायक उमा शंकर अकेला सहित कई अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी डटे हुए हैं। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी जाम हटवाने के निरंतर प्रयास कर रहे हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल जाम स्थल पर मौजूद है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को मारी टक्कर, 8 की मौत, 50 घायल



**बुलंदशहर:** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा क्षेत्र में आज एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और अन्य 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यह दुखद घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर अरनिया क्षेत्र के घटाला गांव के पास उस समय हुई जब एक तेज रफ़्तार कंटेनर ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली कासगंज जिले के सोरों थाना क्षेत्र के रफयादपुर गांव से लगभग 60 श्रद्धालुओं को लेकर जा रही थी। यह समूह राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में गोगामेड़ी मंदिर में धार्मिक यात्रा के लिए जा रहा था।

सोमवार तड़के लगभग दो बजे, जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली घटाला गांव के पास पहुंची, तेज रफ़्तार कंटेनर ट्रक ने वाहन के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे श्रद्धालु अलग-अलग दिशाओं में गिर गए। पुलिस की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और एम्बुलेंस तथा राहगीरों की मदद से घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। कुल 29 घायलों को कैलाश अस्पताल, 18 को मुनि सीएचसी और 10 को जटिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैलाश अस्पताल के डॉक्टरों ने दो बच्चों समेत छह लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि मुनि सीएचसी में दो और लोगों की मौत हो गई।

घायल ने बताया, हम सोरों से गोगामेड़ी जा रहे थे, तभी एक कार ने पीछे से ट्रॉली को टक्कर मार दी। हमारे बच्चे भी साथ थे, उन्हें भी काफी चोटें आई हैं।

जिलाधिकारी श्रुति और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह स्थिति का जायजा लेने और घायलों को उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ। तेजवीर सिंह ने तीर्थयात्रियों के विवरण और घटनाक्रम की पुष्टि की। पुलिस अधीक्षक (अपराध) शंकर प्रसाद, एडीएम प्रमोद कुमार पांडे, एसडीएम प्रतीक्षा पांडे, सीओ पूर्णिमा सिंह सहित वरिष्ठ

## हिसार-चंडीगढ़ एनएच पर हरियाणा रोडवेज बस और पिकअप की टक्कर, 4 की मौत,7 घायल



**कैथल :** हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर गांव क्योड़क के पास सोमवार सुबह करीब सात बजे हरियाणा रोडवेज हिसार डिपो की बस और पिकअप गाड़ी की टक्कर हो गई। हादसे में चार बुजुर्ग श्रद्धालुओं की मौके पर मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को एंबुलेंस की मदद से शहर के निजी शाह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शव जिला नागरिक अस्पताल भेजे गए हैं। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस और क्योड़क चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। गांव रामेआला निवासी ये सभी लोग रविवार शाम कैथल पहुंचे थे और मंजी साहिब गुरुद्वारा (कमेटी चौक) में रुके थे। सोमवार सुबह सवा छह बजे वे पिहोवा गुरुद्वारा में धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पिकअप गाड़ी में रवाना हुए। गांव क्योड़क के नजदीक हाईवे पर बस चालक ने तेज गति और लापरवाही से गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप गाड़ी सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में चार बुजुर्ग श्रद्धालुओं की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए।

## मणिमहेश यात्रा में ऑक्सीजन की कमी के कारण पंजाब के 3 युवकों की मौत, लैंडस्लाइड से कई यात्री फंसे



**चंडीगढ़:** हिमाचल प्रदेश के मणिमहेश की यात्रा के लिए जा रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार ये तीनों युवक पंजाब के रहने वाले थे।

तीनों श्रद्धालुओं की जान मणिमहेश यात्रा के दौरान ऑक्सीजन की कमी से गई है। इनके शव पोस्टमॉर्टम के लिए भरमौर लाया जा रहा है। मृतकों की पहचान पंजाब के पठानकोट के 18 वर्षीय अमन, रोहित (18) और गुरुदासपुर के अनमोल (26) के तौर पर हुई है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, अमन को बीती रात को कमल कुंड से रेस्क्यू किया गया और गौरीकुंड में मौत हो गई, जबकि रोहित की मौत कुगती ट्रैक पर ऑक्सीजन की कमी से हुई है। जानकारी देते हुए एसडीएम भरमौर ने बताया कि पिछले 24 घंटों से लगातार हो रही बारिश के कारण मणिमहेश यात्रा पर अस्थाई रोक लगा दी गई है। श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रुकने के निर्देश दिए गए हैं। भारी बारिश से पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे जगह जगह लैंडस्लाइड के कारण बंद पड़ा है। इससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई है। इससे कई जगह मणिमहेश यात्री फंसे हुए हैं।

### जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर भी पहली बार बोले अमित शाह-

## विपक्ष जेल को सीएम- पीएम हाउस बनाना चाहता है

**नई दिल्ली:** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर बढ़ती अटकलों के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विपक्ष के सभी दावों को खारिज कर दिया। न्यूज एजेंसी के साथ बातचीत करते हुए अमित शाह ने विपक्ष पर खूब निशाने साधे। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा, धनखड़ जी एक संवैधानिक पद पर आसीन थे और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने संविधान के अनुरूप अच्छा काम किया। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत स्वास्थ्य समस्या के कारण इस्तीफा दिया है। किसी को भी इसे ज्यादा खींचकर कुछ खोजने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

**विपक्ष ने लगाए थे गंभीर आरोप :** इस दौरान 130वें संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ विपक्ष के रुख पर उन्होंने कहा कि आज भी विपक्ष के लोग कोशिश कर रहे हैं कि अगर कभी जेल गए तो जेल से ही आसानी से सरकार बना लेंगे। जेल को ही सीएम हाउस, पीएम हाउस बना देंगे और डीजीपी, मुख्य सचिव, कैबिनेट सचिव या गृह सचिव जेल से ही आदेश लेंगे। ऐसा नहीं हो सकता।

### सुप्रीम कोर्ट की बड़ी कार्रवाई

# दिव्यांगों का मजाक बर्दाश्त नहीं, समय रैना समेत 5 कॉमेडियन मांगेंगे माफी





**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और मशहूर कॉमेडियन समय रैना समेत पांच लोगों को दिव्यांगों का मजाक उड़ाने के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का सख्त आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में बाद में उचित जुर्माना या सजा भी लगाई जा सकती है। यह कार्रवाई एसएमए क्योर फाउंडेशन द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान हुई, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कई कॉमेडियन अपने कार्यक्रमों और पॉडकास्ट में दिव्यांग व्यक्तियों के खिलाफ असंवेदनशील और अपमानजनक टिप्पणियां करते हैं। याचिका में समय रैना के अलावा विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तनवार का भी नाम शामिल है। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है। अदालत में कॉमेडियंस के वकील ने स्वीकार किया कि वे सभी अपने यूट्यूब चैनलों और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर माफीनामा पोस्ट करेंगे। इस पर कोर्ट ने आदेश दिया कि माफी पोस्ट करने के साथ-साथ इन सभी को एक हलफनामा भी दाखिल करना होगा। अदालत ने कहा कि यदि वे अपने वादे का पालन करते हैं, तो उन्हें फिलहाल व्यक्तिगत पेशी से छूट दी जाएगी, लेकिन उन पर लगने वाले जुमार्ने के सवाल पर बाद में विचार किया जाएगा।

# पतरातू डैम खतरे के निशान पर, फाटक खोला गया गुमला में पुल ध्वस्त, 29 तक बारिश का अलर्ट जारी





**रांची:** लगातार हो रही बारिश से रांची से करीब 43 किलोमीटर दूर पतरातू डैम का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंच चुका है। इसे देखते हुए पीटीपीएस शेष परिसंपत्ति विभाग ने डैम की सुरक्षा को लेकर सभी आठ फाटक खोल दिए। डैम के सभी फाटक खोलकर दो-दो इंच पानी की निकासी शुरू होते ही आसपास की नदियों का जलस्तर बढ़ गया। प्रबंधन की ओर से आम लोगों को अलर्ट करते हुए कहा गया है कि लोग नदियों के किनारे नहीं जाएं।

डीवीसी के मैथन एवं पंचेत डैम में भी रविवार को जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसे देखते हुए डीवीसी प्रबंधन एवं सीडब्ल्यूसी विभाग दोनों ही डैमों के जलस्तर पर नजर बनाएं रखे हुए है। रविवार को मैथन डैम से 12 हजार क्यूसेक एवं पंचेत डैम से 43 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। रविवार को मैथन डैम का जलस्तर 476।23 फिट एवं पंचते डैम का जलस्तर 408।79 फीट मापा गया। दोनों डैम से पानी छोड़े जाने के डीडीआरआरसी ने पश्चिम बंगाल के निचले इलाकों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। तिलैया डैम का फाटक दो दिन पहले ही खोला जा चुका है। तिलैया डैम का जलस्तर 1214।7 फीट है जो रेड लेवल से नीचे है।

वहीं गुमला में कंस नदी पर बना 17 साल पुराना पुल जल दवाब में ध्वस्त हो गया है। निचने इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। गुमला के सिसई प्रखंड में कंस नदी पर बना डाड़हा छरदा पुल ध्वस्त हो गया है। यह पुल लोहरदगा जिले को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ता था। पिछले वर्ष ही पुल का एक पिलर कमजोर हो गया था। लगातार बारिश से मिट्टी और मलबा बहने के बाद पुल टूट गया।

रविवार को राजधानी रांची में रूक-रूक कर दिन भर बारिश होती रही। शनिवार को रातभर बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में राजधानी में 30 मिमी के आसपास बारिश हुई। राजधानी के ग्रामीण इलाकों नामकुम, तोरपा आदि इलाके में करीब 55-60 मिमी के आसपास बारिश हुई। झारखंड के उपर निम्न दवाब बना हुआ है। इसका असर करीब-करीब पूरे राज्य में पड़ रहा है। इससे कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश हो रही है। 29 अगस्त तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र ने अनुमान लगाया है कि 25 अगस्त को राज्य के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से लोहरदगा, लातेहार, गुमला, खूंटी, सिमडेगा तथा पश्चिम सिंहभूम में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान कहीं-कहीं 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। इसको लेकर मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। 28 अगस्त को राज्य के दक्षिणी-पूर्वी तथा 29 को राज्य के पश्चिमी तथा मध्य हिस्से में कई स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है।

## न्यूज ब्रीफ



### अमित महतो ने अपनी उपस्थिति में नाली बनवाया

**सिल्ली:** विधायक अमित महतो ने रविवार को स्वंय मौजूद रहकर लगातार हो रही भारी बारिश के कारण टूटकी सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के समीप महीनों से रहे जल जमाव का समस्या को समाप्त किया। विधायक ने पथ निर्माण विभाग के जेई को बुलाकर अपने उपस्थिति में नाली बनवाया और पानी का निकासी करवाया। मालूम हो कि इस रास्ते से सिल्ली कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं कोंचो सुंडील के ग्रामीण तथा पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल बंगाल के विभिन्न गांवों के सैकड़ो लोग रोजाना आवाजाही करते है। महीनों से हुए जल जमाव से सभी लोग काफी परेशान थे, विधायक द्वारा इसका समाधान निकाले जाने लोगों में खुशी देखी गई। मौके पर झामुमो नेता समीर ठाकुर ,अखिलेश कुम्हार ,बाबुल चौधरी, प्रकाश कुशवाहा, किसलय महतो ,संतोष महतो, राकेश महतो एंव ग्रामीण मौजूद थे।

### श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में गणित जांच परीक्षा आयोजित



**खूंटी:** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को नवमी एवं दसवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी को ध्यान में रखते हुए गणित विषय की जांच परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी तैयारी का आकलन करने का अवसर प्रदान करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना था। संस्थान के निदेशक एवं शिक्षक सकलदीप भगत ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा से पहले प्रत्येक रविवार को इस तरह की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें जिले के किसी भी विद्यार्थी को निःशुल्क शामिल होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षा से पहले सम्मानित किया जाएगा। भगत ने कहा, यह जांच परीक्षा विद्यार्थियों को बेहतर अंक अर्जित करने में मदद करेगी और साथ ही, बोर्ड परीक्षा से पहले उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सलाह दी कि वे प्रत्येक विषय की समय सारणी बनाकर तैयारी करें और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखें। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकगण एवं सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### नदी की धार में बहने से वृद्ध की मौत

**चतरा:** जिले में लगातार हो रहे मुसलाधार बारिश थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार बारिश के कारण जिले के छोटी बड़ी सभी नदियां उफान पर है। रविवार को भी हेरु नदी से एक वृद्ध का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के कसियाडीह गांव निवासी 65 वर्षीय चांदो रजक के रूप में हुई है। चांदो रजक की मौत नदी की धार में बहने के कारण हुई है। बताया जाता है कि शनिवार को चांदो रजक मवेशियों को लेकर चराने के लिए जंगल गया हुआ था। इसी दौरान डहूरी डैम से निकले हेरू नदी पार करने के दौरान वह नदी की तेज धार में बह गया। देर शाम तक वृद्ध के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी खोज बीन शुरू किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। इसी बीच रविवार की सुबह चंगेर गांव के ग्रामीणों ने नदी के किनारे एक शव पड़ा हुआ देखा। जिसकी पहचान चांदो रजक के रूप में हुई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बताते चले कि मृतक चांदो रजक पुलिस विभाग से चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के रूप में सेवानिवृत्त कर्मी था। वृद्ध की मौत से परिजनों में शोक व्याप्त है।

### लीलाजन नदी से वृद्ध का शव बरामद

**चतरा:** हंटरगंज थाना क्षेत्र के उरैली एवं पिंडरी के सीमाना पर लीलाजन नदी से एक वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के घंघरी एवं वर्तमान कनगुरुआ गांव निवासी कृष्ण यादव 65 वर्ष के रूप में हुई है। ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी स्थानीय थाना एवं परिजनों को दिया गया है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की देर शाम कनगुरुआ से घंघरी जाने के दौरान कर्मा के समीप वृद्ध व्यक्ति लिलाजन नदी में बह गए थे । काफी खोजबीन के पश्चात नदी के किनारे से बरामद किया गया।

### मूसलाधार बारिश से मिट्टी का मकान हुआ ध्वस्त, प्रशासन से सहायता की गुहार



**चतरा:** जिला के हंटरगंज प्रखण्ड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मुसलाधार बारिश से नदी आहर तालाब डोभा खेत खलिहान पूरा डूब गया है।मानव जीवन अस्त व्यस्त है लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।ढलाई के मकान का छत रिस रहे हैं।वहीं खपडेल घरों में लोगों को जीना मुश्किल हो गया है।मिट्टी के मकान गिरने की सूचना प्राप्त हो रही है लोग बेघर हो रहे हैं।प्रखण्ड के चकला पंचायत के ग्राम कोदलिया निवासी राजकुमार साव के मिट्टी का खपरैल मकान वर्षा के पानी से ध्वस्त हो गया है।गनीमत रहा कि कोई अप्रिय घटना नहीं घटी सभी सुरक्षित हैं लेकिन रहने के लिए सर पर छत नहीं रहा।इस घर में राजकुमार साव के अतिरिक्त फूलमती देवी,विनय साव,गुड़िया देवी ईडन कुमार आस्था कुमारी रहते हैं। घर वालों ने प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई है।घर में रखे खाने पीने का सामान भी पानी का भेंट चढ़ गया है।

### फोरेंसिक टीम पहुंची गड़के गांव, मृतक बच्ची के संबंध में की जांच

**चतरा:** राज्यस्तरीय फोरेंसिक की एक टीम रविवार को गिद्धौर थाना पहुंची। टीम थाना क्षेत्र के मंझगांवा पंचायत स्थित गडके गांव में बीते शनिवार को एक 14 वर्षीय बच्ची का शव गांव के कुआं से बरामद मामले में जांच करने पहुंची थी। जांच टीम ने घटनास्थल गडके गांव पहुंच कर मामले की जांच को लेकर कई जानकारियां जुटाई। इस क्रम में मृतक बच्ची के परिजन से भी पूछताछ किया। टीम में सहायक निदेशक आदित्य विक्रम गौर तथा राम कृष्ण मिश्रा मुख्य रूप से शामिल थे।

## आदिवासियों को उजाड़कर विकास नहीं', रिम्स-2 विवाद पर गरजे चंपाई सोरेन, कहा-

# हर जगह करूंगा विरोध



**संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के नगड़ी स्थित रिम्स-2 निर्माण को लेकर विवाद और गहरा गया है। रविवार को भारी सुरक्षा के बीच स्थानीय आदिवासियों ने विवादित जमीन पर हल चलाया और धान की रोपनी की। इस बीच अभियान के अगुवा और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार कर लिया, जिससे वे सीधे तौर पर आंदोलन में शामिल नहीं हो सके।

शाम को अपने मोरहाबादी स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए चंपई सोरेन ने राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा ,जब-जब आदिवासियों को उजाड़कर विकास करने की कोशिश होगी, चंपई सोरेन हर जगह खड़ा होगा। चाहे कोई कुछ भी कहे, मैं आदिवासियों की जमीन की रक्षा करूंगा। सोरेन ने दावा किया कि नगड़ी की जमीन खेती योग्य है, जहां साल में तीन बार फसल उगाई जा सकती है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि वहां रिम्स-2 का निर्माण होगा तो किसान परिवार कहां जाएंगे। पूर्व सीएम ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस कभी भी आदिवासियों का विकास नहीं चाहती। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियां आदिवासियों को झारखंड से उजाड़ने और उनकी जमीन हड़पने की ओर इशारा करती हैं। सोरेन ने साफ कहा कि वे और उनकी टीम किसी भी कीमत पर आदिवासियों की जमीन की रक्षा करेंगे और इसके लिए आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।

# पीएम, सीएम व मंत्री को पद से हटाने के विधेयक के खिलाफ झामुमो ने फूंका भाजपा का पुतला



**संवाददाता**

**खूंटी:** जिले के भगत सिंह चौक में आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की और प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री का पुतला फूंका। झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद ने बताया कि संसद में पीएम सीएम एवं मंत्री को पद से हटाने को लेकर संसद में 130 वां संशोधन प्रस्ताव केंद्र सरकार लेकर आई है। 130 वां संशोधन प्रस्ताव यदि पारित हो जाता है तो केंद्र सरकार इसका दुरुपयोग करेगी। इसलिए झारखंड मुक्ति मोर्चा इसके खिलाफ सड़क पर उतरी है। झामुमो के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का पुतला फूंका एवं प्रधानमंत्री, गृह मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

झारखंड मुक्ति मोर्चा खूंटी के जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद के नेतृत्व में आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं ने 130 वे संशोधन बिल को काला कानून करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक तरीके से शासन चलाना नहीं चाहती बल्कि राजशाही शासन व्यवस्था लागू करना चाहती है इस प्रस्ताव का विरोध सड़क से सदन तक किया जाएगा। जिला प्रवक्ता तौकीर आलम और विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल ने भी केंद्र सरकार के 130 वां संविधान संशोधन प्रस्ताव का विरोध किया।

झामुमो खूंटी जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद, जिला सचिव सुशील पाहन, केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी , कोषाध्यक्ष भोला लाल , उपाध्यक्ष अमरनाथ मुंडा, सनिका बोदरा, मंडल, जिला प्रवक्ता तौकीर आलम , विधायक, शंकर सिंह मुंडा, प्रदीप केशरी प्रतिनिधि डिक्सन पूर्ति, विद्यायक प्रतिनिधि , कमलेश महतो, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुशांति कोन गाडी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमृत हेंब्रोम ,अल्पसंख्य मोर्चा जिला अध्यक्ष शेख फिरोज , किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मंगू होरो।

## धूमधाम से मनाया गया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का प्रथम गुरु गद्दी दिवस

**संवाददाता**



**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा केदली कला में कल रविवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम गुरु गद्दी दिवस बड़े हीं धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह के दीवान में संगतों ने सामूहिक रूप से श्री सुखमणि साहिब जी का पाठ किया। तत्पश्चात गुरुवाणी कीर्तन का गायन करते हुए अरदास किया गया।इस मौके पर नवगठित प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों तथा सदस्यों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि पुरानी कमेटी का कार्यकाल पूरा हो जाने के कारण नई कमेटी का चुनाव किया गया था, जिसमें सरदार बलजीत सिंह बंटी प्रधान तथा सरदार नंदकिशोर सिंह सचिव चुने गए थे। इन लोगों के नेतृत्व में पन्द्रह सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जिसमें सत्यपाल सिंह को संयोजक, प्रीतम सिंह को कोषाध्यक्ष तथा समरजीत सिंह और तखत सिंह को क्रमशः उपप्रधान और उपसचिव बनाया गया। सरदार बलवंत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, बलजीत सिंह, जसवंत सिंह, अरुण सिंह, मनोज सिंह, मोहित सिंह, मुन्ना सिंह तथा जितेन्द्र सिंह को सदस्य बनाया गया है। नवगठित कमेटी के लोगों ने पुरानी कमेटी के प्रधान सरदार प्रताप सिंह तथा सचिव सरदार ज्ञान सिंह को उनके सफल कार्यकाल के लिए सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। वहीं नौवें पातशाही श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के 350 वें वर्षगांठ को समर्पित धुबरी साहिब (असम) से निकली। नगर कीर्तन तथा उसमें शामिल संगतों का आगामी 29 अगस्त को हंटरगंज और केदली कला पहुंचने पर भव्य स्वागत करने का फैसला किया गया।अंत में सभी साध संगतों के बीच लंगर प्रसाद के रूप में छोला कचौड़ी और चाय का वितरण किया गया।

## मुरहू में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा दवा के अभाव में फंसा छिड़काव अभियान



**संवाददाता**

**खूंटी:** मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख श्री अरुण कुमार साबू ने चिंता जताई है कि भारी बारिश के बाद पूरे प्रखंड में मलेरिया, डेंगू और डायरिया जैसी बीमारियों के फैलने का प्रबल खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। इस संकट की जड़ दवाओं की कथित कमी बताई जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के प्रभारी डॉ. आशुतोष तिग्गा के अनुसार, पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष डीडीटी का छिड़काव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य स्वास्थ्य विभाग ने डीडीटी के छिड़काव को बंद करके डेल्टा मेथ्रिन 2.5% नामक दवा के उपयोग का निर्देश दिया है, लेकिन यह दवा जिला या राज्य स्तर से उपलब्ध नहीं कराई गई है। दवा के अभाव में मलेरिया विभाग छिड़काव करने में असमर्थ है। इस मामले पर नाराजगी जताते हुए उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार जिला उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को मोबाइल के माध्यम से सूचित किया, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा, ₹प्रखंड में छिड़काव न होना, इलाके को मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों की ओर धकेलने जैसा है। उन्होंने सिविल सर्जन से आग्रह किया कि छिड़काव का कार्य तुरंत शुरू करवाया जाए, नहीं तो बारिश के बाद धूप निकलते ही मच्छरों की संख्या में भारी वृद्धि होगी और पूरा प्रखंड इन बीमारियों की चपेट में आ जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से स्वास्थ्य विभाग की होगी।

वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) रंजीत कुमार ने डॉ. तिग्गा से संबंधित विभागों के साथ पत्राचार करके छिड़काव का प्रबंध जल्द से जल्द करने को कहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो जनता को भारी स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ सकता है और जान-माल की क्षति भी हो सकती है। मलेरिया विभाग के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी ने भी इस समस्या की पुष्टि करते हुए कहा कि दवा न मिलने के कारण वे छिड़काव करने को विवश हैं। ऐसे में, मुरहू प्रखंड के निवासी मच्छर जनित बीमारियों की चपेट में आने के गंभीर खतरे का सामना कर रहे हैं।

### राज्य स्तरीय 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी प्रतियोगिता

## टॉप फाइव में रहे हंटरगंज के अभिनव



**संवाददाता**

**चतरा:** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं एनसीईआरटी दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय 52 वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में हंटरगंज रामनारायण 10+2 उच्च विद्यालय के छात्र अभिनव ने चौथा स्थान हासिल किया है। इससे पूरे विद्यालय परिवार सहित पूरे प्रखंडवासियों में हर्ष का माहौल है। प्रधानाध्यापक अनूप कुमार, शिक्षक अमिराज कुमार, उमेश कुमार समेत प्रखंड के तमाम लोगों ने अभिनव को बधाई दी है। विद्यालय के शिक्षक अमिराज कुमार के मार्गदर्शन में उसने अपना प्रोजेक्ट तैयार किया और जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राज्य के लिए चयनित हुए। प्रोजेक्ट जिला स्कूल रांची में हो रहे राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 में पूरे राज्य में नेचुरल फार्मिंग विषय पर बनाए गए प्रोजेक्ट में पूरे राज्य में अभिनव को चौथा स्थान प्राप्त हुआ।

# झामुमो ने केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली

## पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का फूंका पुतला







**संवाददाता**

**चतरा:** झामुमो कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष निलेश ग्याशेन के नेतृत्व में केंद्र सरकार की दमनकारी नीति और काला कानून के खिलाफ रविवार को जिला मुख्यालय में केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली। रैली सदर थाना के सामने मैदान से शुरू हुई। रैली जतराहीबाग, गंदौरी मंदिर होते हुए केशरी चौक पहुंची। झामुमो कार्यकर्ताओं ने केशरी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। साथ ही केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पत्रकारों से बात करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष निलेश ग्याशेन ने कहा कि केंद्र सरकार ने काला बिल और काला कानून लाया है। इन्हीं गलत नीतियों के विरोध में पूरे झारखंड में पार्टी द्वारा पुतला दहन कर सांकेतिक संदेश दिया जा रहा है। कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि किस तरह से केंद्र की भाजपा सरकार अपने प्रतिद्वंदियों को रोकने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है।कहा कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था है। लेकिन केंद्र सरकार ने देश के संविधान से छेड़छाड़ कर काला कानून लाने का काम कर रही है। केंद्र की इन दमनकारी नीतियों के खिलाफ झामुमो विरोध दर्ज करवा रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार देश में विकास का कार्य करे न कि दमनकारी कानून के माध्यम से द्वेष पैदा करे। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि सांकेतिक विरोध के बाद भी काला कानून वापस नहीं लिया जाता है तो चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि 20 अगस्त 2025 को केंद्र सरकार ने संसद में ऐसा विधेयक पेश किया, जो भारतीय संविधान की मूल भावना का खुला उल्लंघन है. यह विधेयक न केवल जनप्रतिनिधियों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करता हैं, बल्कि जनता के जनादेश का भी अपमान करता है। इस विधेयक के प्रावधानों के तहत किसी भी जनप्रतिनिधि को 30 दिनों से अधिक न्यायिक हिरासत में रख कर उन्हें पद छोड़ने के लिए मजबूर किया जा सकता है। यह कदम लोकतंत्र की आत्मा पर गहरा आघात है। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष नितेश राणा ने किया। मौके पर जिला सचिव चंद्रदेव साव, कोषाध्यक्ष नीतेश राणा,चतरा नगर अध्यक्ष बिट्टू कुमार, सदर प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र राम, झामुमो युवा जिलाध्यक्ष राहुल कुमार यादव, छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष रूपेश यादव, व्यवसायिक मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि कुमार समेत काफी संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता शामिल थे।

राज्य के कई जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी

# रांची में 'येलो अलर्ट' जारी,रहें सावधान





**संवाददाता**

**रांची:** राज्य में जारी भारी बारिश के बीच मौसम विभाग ने मंगलवार सुबह तक कई जिलों में और बारिश होने का पूवार्नुमान जताया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

रांची मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, बोकारो, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद और गिरिडीह जिलों में भारी बारिश का पूवार्नुमान व्यक्त किया। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी बाबूराज पीपी। ने कहा, सोमवार 15 जिलों के लिए और मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 12 जिलों के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट' जारी किया गया है।'' भारी बारिश के कारण सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्तः अधिकारी ने बताया कि पिछले दो दिन से राज्य के अधिकांश हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश के कारण सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कें जलमग्न हो गई हैं, कई घरों और पुलों को नुकसान पहुंचा है, तथा कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि खेतों में फसलों और पशुधन को भी भारी नुकसान हुआ है।

राज्य की प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपरः राज्य के विभिन्न हिस्सों में सुवर्णरेखा, खरकई, बराकर और दामोदर सहित प्रमुख नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सोमवार को ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों के पास, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है जिसके कारण बारिश का सिलसिला 29 अगस्त तक जारी रह सकता है।'' अधिकारी ने बताया कि झारखंड में एक जून से 23 अगस्त के बीच 927।7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य 738।3 मिलीमीटर की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजय दुबे का जन्मदिन

**संवाददाता**



**रांची:** आज भाजपा प्रदेश कार्यालय रांची में किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मा।अजय दुबे का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू सहित मोर्चा के पदाधिकारियों ने अजय दुबे को अंग वस्त्र पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया तथा शुभकामनाएं दी। मौके पर अजय दुबे ने भी सबों की ओर से इस स्नेह और प्यार पाने के लिए अपनी ओर से सबों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहा कि आप सबका स्नेह और प्यार इसी तरह निरंतर मिलता रहे यही ईश्वर से कामना करता हूं। बधाई देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद , प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास , प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शोभा यादव , भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू के साथ महामंत्री अर्जुन सिंह , अजय मुंडा, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद सिंह खुराना,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद पांडेय, अजय तिवारी, ठाकुर नीरज सिंह, पिंकू शुक्ला, प्रदेश कार्यालय मंत्री सज्जन कुमार पंकज, सह कार्यालय मंत्री बृंद कुमार, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह, सुरेंद्रनाथ मंडल, हरिशंकर तिवारी जी सहित कई अन्य पार्टी पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण शामिल रहे।




## विधानसभा में यूनिसेफ की बैठक

**रांची:** विधानसभा में आज यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देना विषय पर बैठक हुई। इस बैठक में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एवं विधायकगण शामिल हुए ।



# नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता समाप्त झारखंड को मिला एक कांस्य पदक

**रांची :** रांची के खेलगांव स्थित गणपत राय इनडोर स्टेडियम में 22 से 24 अगस्त तक चली अंडर-23 सीनियर पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ।

ग्रीको रोमन शैली में अभिषेक को कांस्य पदकः प्रतियोगिता के आखिरी दिन ग्रीको रोमन शैली के 60 किलो वर्ग में अभिषेक कुमार ने कांस्य पदक जीता और झारखंड का मान बढ़ाया। समापन समारोह में सभी खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट दिए गए।

प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य कुश्ती संघ के संस्थापक और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, भारतीय कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष एसपी देशवाल, विनोद तोमर, कंपटीशन डायरेक्टर बीएन प्रसूद और झारखंड कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार मौजूद रहे।

**देशभर से 850 पहलवानों ने लिया हिस्सा :** सभी ने विजेताओं को मेडल और टीम चैंपियनशिप ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसके बाद ध्वजारोहण और राष्ट्रीय गान के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में देशभर से करीब 850 पहलवानों ने हिस्सा लिया।

# खेल दिवस पर झारखंड में तीन दिन तक होगी कई प्रतियोगिताएं

**संवाददाता**




**रांची:** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। इस बार झारखंड में यह दिन खास अंदाज में मनाने की तैयारी हो चुकी है। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के अनुसार, 29 से 31 अगस्त तक राज्य और जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं, फिटनेस एक्टिविटी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

रांची समेत कई जगहों पर हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन और तैराकी की प्रतियोगिताएं होंगी।

-फुटबॉल और हॉकी में नॉकआउट/लीग मैच होंगे।

-तीरंदाजी में रिकर्व, कंपाउंड और इंडियन राउंड शामिल रहेंगे।

-एथलेटिक्स में दौड़ और लंबी कूद जैसी प्रतियोगिताएं होंगी।

-विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और ट्रैकसूट दिए जाएंगे।

स्वदेशी खेलों को बढ़ावाः 30 अगस्त को जिला स्तर पर गुल्ली-डंडा, गेंड़ी दौड़, मटका फोड़, रस्साकशी और सिकंदर (टीम गेम) जैसे पारंपरिक खेल कराए जाएंगे। सभी जिलों में इंडोर गेम्स भी होंगे।

**आयोजन स्थलः** मुख्य आयोजन रांची में होगा। फुटबॉल स्टेडियम, एस्टेट हॉक हॉकी स्टेडियम, मंदिर मैदान और ऑडिटोरियम में प्रतियोगिताएं होंगी।

**खास कार्यक्रमः** 29 अगस्त की सुबह सभी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान फिट इंडिया आंदोलन से जुड़े कार्यक्रम होंगे।

विभिन्न विभागों और संस्थाओं के खिलाड़ी आपस में दोस्ताना मुकाबले खेलेंगे। पुलिस, आईटीबीपी, सेना और अन्य संस्थाओं के खिलाड़ी एक-दूसरे से भिड़ेंगे। खेल दिवस के कार्यक्रमों का मकसद युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और जागरूकता बढ़ाना है, साथ ही पारंपरिक खेलों को भी नई पहचान देना।

# बीआईटी मेसरा में एयरोडायनैमिक्स पैनल की दो दिवसीय समीक्षा बैठक शुरू



**संवाददाता**

**रांची :** एयरोडायनैमिक्स पैनल, एरोनॉटिकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट बोर्ड (एआर/डीबी), डीआरडीओ की दो दिवसीय समीक्षा बैठक का शुभारंभ आज बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा, रांची में हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की मेजबानी संस्थान के स्पेस इंजीनियरिंग एंड रॉकेट्री विभाग ने की। विभागाध्यक्ष एवं संस्थान संयोजक डॉ प्रियंक कुमार ने सभी पैनल सदस्यों का स्वागत किया।उद्घाटन सत्र में एयरोडायनैमिक्स पैनल के चेयरमैन एवं डिस्टिंग्विश्ड साइंटिस्ट डॉ। जी। बालु ने रक्षा प्रौद्योगिकी में एयरोडायनैमिक्स की अहम भूमिका और अन्य विषयों के साथ इसके एकीकरण पर अपने विचार रखे।

बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना ने अपने संबोधन में अंतर्विषयक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया और राष्ट्रीय रक्षा प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए संस्थान से अधिक केंद्रित शोध कार्य करने का आह्वान किया। वहीं, एआर/डीबी के सचिव डॉ एसके पाण्डेय ने बोर्ड की दृष्टि साझा की, प्रमुख शोध क्षेत्रों की जानकारी दी और अकादमिक जगत व शोध संस्थानों के लिए उपलब्ध वित्तीय अवसरों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ बीडी

द्वारी द्वारा लिखित भौतिकी विषयक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन बीआईटी मेसरा के रजिस्ट्रार डॉ। सुदीप दास के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पैनल की यह समीक्षा बैठक अगले दो दिनों तक जारी रहेगी, जिसमें चल रहे प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की जाएगी और भविष्य के शोध की दिशा तय की जाएगी

# रांची वेटनरी कॉलेज में दौड़ प्रतियोगिता, संजीत व सीमा प्रथम स्थान पर रहे



**संवाददाता**

**रांची:** बिरसा कृषि विवि अंतर्गत रांची वेटनरी कॉलेज में मेजर ध्यानचंद के सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस पर रविवार को विद्यार्थियों व कर्मचारियों के बीच पांच किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतिकूल मौसम के बावजूद इस दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के उत्साह में कमी नहीं आयी। डीन डॉ एमके गुप्ता व खेल प्रभारी डॉ राजू प्रसाद द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद दौड़ सुबह 6:00 बजे कृषक भवन से शुरू हुई, बीएयू रोड से होते हुए विवि मुख्यालय व वापस कृषक भवन के पास समाप्त हुई। कुल 47 प्रतिभागियों में छात्र वर्ग में संजीत कुमार (एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग) प्रथम रहे। जबकि, द्वितीय राजेश कुमार महतो (रवींद्रनाथ टैगोर एग्रीकल्चर कॉलेज, देवघर) और तृतीय वरुण भूषण लगुरी (फॉरेस्ट्री कॉलेज) रहे। छात्रा वर्ग में प्रथम सीमा बेड़िया (रांची एग्रीकल्चर कॉलेज), द्वितीय श्रेय श्रीवास्तव (रांची वेटरनरी कॉलेज) और तृतीय संध्या बगेरी (फॉरेस्ट्री कॉलेज) रहे। कर्मचारी वर्ग में प्रथम डॉ अबसार अहमद (रांची वेटरनरी कॉलेज), द्वितीय डॉ महबूब आलम (रांची एग्रीकल्चर कॉलेज) और तृतीय डॉ अमित कुमार झा (रांची वेटरनरी कॉलेज) रहे। डीन डॉ एमके गुप्ता ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर दौड़ समन्वयक डॉ अबसार अहमद, प्रशांत, आकांक्षा व अन्य उपस्थित थे।

# महिलाओं पर अपराध के औसतन 15 केस हर दिन हो रहे दर्ज

**रांची :** झारखंड में हर दिन महिलाओं के खिलाफ अपराध के 15 मामले दर्ज हो रहे। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में हर दिन औसतन 15 मामले दर्ज किए जा रहे हैं, जिसका मतलब है कि हर दो घंटे में एक महिला अपराध का शिकार हो रही है। यह दिखाता है कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। पिछले एक महीने के आंकड़ों को देखें तो, कुल 459 मामले दर्ज हुए हैं। इन मामलों को जब हम अलग-अलग श्रेणियों में बांटते हैं, तो स्थिति और भी स्पष्ट हो जाती है।

जिनमें दुष्कर्म के 177 मामले, अपहरण के 137 मामले और दहेज प्रताड़ना के 77 मामले और छेड़खानी 68 मामले शामिल हैं महिला के खिलाफ दर्ज हुए अपराध की बात की जाये तो रांची (57), जमशेदपुर (31), पलामू (30), गढ़वा (30), बोकारो (29), धनबाद (27), गोड्डा (27), गिरिडीह (25), देवघर (23), पाकुड़ (18), हजारीबाग (17), साहेबगंज (15), गुमला (14), रामगढ़ (14), दुमका (14), लातेहार (13), सरायकेला (12), चाईबासा (11), जामताड़ा (11), चतरा (11), कोडरमा (09), सिमडेगा (08), लोहरदगा (04) और खूंटी (03) महिला अपराध के खिलाफ मामले दर्ज हुए है। यह डेटा साफ तौर पर दिखाता है कि शहरों और अधिक आबादी वाले जिलों में महिलाओं के खिलाफ अपराध ज्यादा हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ग्रामीण या छोटे जिले सुरक्षित हैं।

# सेपक टकरा सीनियर व जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

**संवाददाता**




**रांची /धनबादः** गोविंदपुर, क्रीसेंट इंटरनेशनल स्कूल में 8वें सेपक टकरा सीनियर एवं जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आज सफल समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में राज्य की 12 इकाइयों की टीमों ने सीनियर और जूनियर वर्ग में भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रदेव महतो, विधायक (सिंदरी) उपस्थित थे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक कुमार (शाखा प्रबंधक, एचडीएफसी बैंक हिरक ब्रांच), एसएन। लाल त्यागी (सचिव, विकास फोरम गोविंदपुर), सपना अग्रवाल (सचिव, लायंस क्लब गोविंदपुर) एवं डॉ। आरके शर्मा (जिला चेयरपर्सन, चिल्ड्रन आर्ट डेवलपमेंट, लायंस क्लब इंटरनेशनल) शामिल हुए।

**प्रतियोगिता के परिणाम निम्नवत रहें:-**

**सीनियर बॉयज रेगु**
**प्रथम- रांची**
**द्वितीय- गुमला**
**तृतीय- धनबाद**

**सीनियर बॉयज क्वाड**
**प्रथम -रांची**
**द्वितीय - गिरिडीह**
**तृतीय - खूंटी**

**जूनियर गर्ल्स रेगु**
**प्रथम -मनन विद्या**
**द्वितीय - चतरा**
**तृतीय -गोविंदराम कटारुका स्कूल**

**जूनियर बॉयज क्वाड**
**प्रथम -मनन विद्या**
**द्वितीय - जिला स्कूल बीटी।**
**तृतीय -जिला स्कूल एसटी।**

**जूनियर गर्ल्स रेगु**
**प्रथम -देवघर**
**द्वितीय - धनबाद**
**तृतीय -गिरिडीह**

**सीनियर गर्ल्स क्वाड**
**प्रथम - देवघर**
**द्वितीय- गिरिडीह**
**तृतीय -धनबाद**

**सीनियर गर्ल्स रेगु**
**प्रथम -मनन विद्या**
**द्वितीय - चतरा**
**तृतीय -गोविंदराम**

क्रीसेंट इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में हुए इस आयोजन का संचालन झारखंड सेपक टकरा एसोसिएशन के पर्यवेक्षण में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के डायरेक्टर ईशा शमीम एवं प्रिंसिपल विजेता दास ने किया था।

समापन अवसर पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह एवं खेल भावना की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक अमरेंद्र दत्त द्विवेदी सहित शशिकांत पांडे, अभिषेक पांडे, गोकुलानंद मिश्रा, शिवा कुमार महतो, द्वेष कुमार तिवारी, शबाना प्रवीण, प्रवीण कुमार,अली रजा, गोपाल मुंडा का विशेष योगदान रहा।

## सुविचार

सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।

## भारत का सख्त रुख देखकर घबराया अमेरिका



रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत की ऊर्जा नीति एक बार फिर अमेरिकी राजनीतिक बहस और दबाव का केंद्र बन गई है। ट्रंप प्रशासन ने भारत पर दोहरे आरोप लगाए हैं– एक ओर रूसी तेल खरीदकर युद्ध को लंबा खींचने का आरोप और दूसरी ओर ह्यमुनाफाखोरीह्व की मानसिकता से वैश्विक शांति को नुकसान पहुँचाने का दावा। वहीं, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी तर्कों को न केवल खारिज किया बल्कि भारत की बढ़ी हुई अमेरिकी तेल खरीद का हवाला देते हुए इसे ₹विरोधाभासी और असंगत₹ बताया। हम आपको बता दें कि व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने पत्रकारों से कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत पर अतिरिक्त 25% शुल्क जारी रखेंगे। उनका आरोप था कि भारत रूसी तेल खरीदकर उसे रिफाइन कर लाभ कमाता है और वही पैसा रूस हथियार बनाने में खर्च करता है, जिससे यूक्रेन पर हमले तेज होते हैं। नवारो ने यहां तक कहा कि ह्वभारत की भूमिका शांति बनाने की नहीं बल्कि युद्ध को आगे बढ़ाने की है।ह्व व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा, ₹भारत पर 25% टैरिफ इसलिए लगाए गए क्योंकि वे व्यापार में हमारे साथ धोखा करते हैं। फिर 25% रूसी तेल के कारण लगाये गये।" उन्होंने कहा, "कई मायनों में, शांति का रास्ता नई दिल्ली से होकर गुजरता है।" हालांकि अमेरिकी टिप्पणीकारों ने इस तर्क को चुनौतियों से भरा बताया। उन्होंने याद दिलाया कि चीन भारत से कहीं अधिक रूसी तेल खरीदता है और यूरोपीय संघ भी रूस से ऊर्जा आयात करता रहा है। सवाल यह भी है कि अतीत में खुद अमेरिका ने ही भारत को वैश्विक ऊर्जा बाजार स्थिर रखने के लिए रूस से तेल लेने की सलाह दी थी। वहीं मास्को में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने साफ कहा, ह्वभारत न तो रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है, न ही सबसे बड़ा गैस आयातक। यह भूमिका चीन और यूरोपीय संघ निभा रहे हैं।ह्व उन्होंने जोड़ा कि भारत ने हाल के वर्षों में अमेरिका से तेल आयात भी बढ़ाया है, इसलिए अमेरिकी आरोप तर्कसंगत नहीं हैं। जयशंकर ने यह भी दोहराया कि भारत का दृष्टिकोण बाजार की परिस्थितियों और ऊर्जा सुरक्षा पर आधारित है, न कि किसी राजनीतिक एजेंडे पर। इसके अलावा, जयशंकर की मॉस्को यात्रा के दौरान भारत और रूस ने अपने संबंधों को पुनः रेखांकित किया। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित और टिकाऊ बनाने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही कृषि, फार्मा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों में भारतीय निर्यात बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, गैर-शुल्क बाधाओं और नियामकीय अवरोधों को हटाने पर सहमति बनी। साथ ही, जयशंकर ने रूस में भर्ती हुए भारतीय युवाओं का मुद्दा भी उठाया और लंबित मामलों को शीघ्र सुलझाने की अपेक्षा जताई। हम आपको बता दें कि यूक्रेन पर भारत का रुख पहले की तरह ही संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने वाला रहा है। भारत न तो रूस की आक्रामकता को सीधे समर्थन देता है, न ही पश्चिमी दबाव में अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं से समझौता करता है। यह संतुलन साधना कठिन है, लेकिन यही भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की मूलधारा है। बहरहाल, ट्रंप प्रशासन की आलोचनाओं से स्पष्ट है कि आने वाले महीनों में भारत-अमेरिका संबंधों में ऊर्जा नीति एक तनावपूर्ण मुद्दा बना रहेगा। परंतु जयशंकर का पलटवार यह संदेश देता है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और वैश्विक ऊर्जा स्थिरता दोनों पर समान रूप से ध्यान देगा। यह स्थिति एक बार फिर यह साबित करती है कि भारत अब केवल वैश्विक समीकरणों का हिस्सा भर नहीं है, बल्कि उन समीकरणों को आकार देने वाली शक्ति के रूप में उभर रहा है। साथ ही, शांति का रास्ता नयी दिल्ली से होकर जाता है वाले अमेरिकी बयान को देखें तो इसके पीछे यह समझ छिपी है कि मौजूदा हालात में भारत ही वह शक्ति है जो रूस और यूक्रेन दोनों से संवाद कर सकती है। हम आपको बता दें कि रक्षा, ऊर्जा और कूटनीतिक साझेदारी में भारत और रूस दशकों से घनिष्ठ सहयोगी रहे हैं। पुतिन और मोदी के बीच नियमित वार्ता होती रहती है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से कई बार बात की है और अंतरराष्ट्रीय मंचों (ऋ७, ऋ20) पर यूक्रेन की संवेदनाओं को भी उठाया है। साथ ही भारत अमेरिका और यूरोप दोनों का करीबी रणनीतिक साझेदार है, परंतु पूरी तरह उनके खेमे में नहीं है। यही ह्वविश्वसनीय मध्यस्थह्व की छवि बनाता है।

# इक्षक : जलमार्गों की सुरक्षा का स्वदेशी प्रहरी

**इक्षक का अर्थ है मार्गदर्शक और यह नाम अपने आप में प्रतीकात्मक है क्योंकि इस जहाज का मूल उद्देश्य ही समुद्री मार्गों, नौवहन चैनलों तथा गहरे समुद्री क्षेत्रों का सटीक सर्वेक्षण कर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।**

भारतीय नौसेना की बढ़ती सामरिक क्षमताओं और समुद्री प्रभुत्व को सुदृढ़ करने की दिशा में उस समय एक और मील का पत्थर जुड़ गया, जब स्वदेशी तकनीक से निर्मित आधुनिकतम सर्वेक्षण पोत (एसवीएल) ह्यइक्षकह्न को आधिकारिक रूप से नौसेना को सौंप दिया गया। इक्षक का अर्थ है मार्गदर्शक और यह नाम अपने आप में प्रतीकात्मक है क्योंकि इस जहाज का मूल उद्देश्य ही समुद्री मार्गों, नौवहन चैनलों तथा गहरे समुद्री क्षेत्रों का सटीक सर्वेक्षण कर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। यह पोत भारतीय नौसेना के लिए

**योगेश कुमार गोयल**

न केवल सामरिक दृष्टि से बल्कि तकनीकी और औद्योगिक आत्मनिर्भरता की दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय नौसेना के लिए युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा तैयार किया गया यह पोत गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) कोलकाता में निर्मित हुआ है। जीआरएसई द्वारा निर्मित यह 802वां जहाज और 113वां युद्धपोत है। इससे पहले इस श्रेणी के दो पोत ह्यआईएनएस संध्याकह्न और ह्यआईएनएस निर्देशकह्न क्रमशः दिसंबर 2023 और अक्टूबर 2024 में नौसेना को सौंपे गए थे। चार पोतों की इस श्रृंखला में ह्यइक्षकह्न तीसरा पोत है जबकि चौथा पोत अगले वर्ष तक नौसेना में सम्मिलित होने की संभावना है।

इक्षक की नींव 6 अगस्त 2021 को रखी गई थी और इसे 26 नवंबर 2022 को लांच किया गया था। निर्माण से लेकर डिलीवरी तक इस जहाज में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरणों और सामग्री का उपयोग किया गया है। यह आंकड़ा अपने आप में महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दशार्ता है कि भारत अब महत्त्वपूर्ण समुद्री प्लेटफार्मों को विदेशी निर्भरता के बजाय स्वदेशी संसाधनों से निर्मित करने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इक्षक की डिलीवरी आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में एक ठोस प्रमाण है। इस पोत के निर्माण में बड़ी संख्या में भारतीय उद्योग, एमएसएमई और स्थानीय आपूर्तिकताओं ने सक्रिय योगदान दिया, जिससे न केवल रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण को बल मिला बल्कि देश के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को भी प्रोत्साहन मिला। इक्षक का विस्थापन लगभग 3400 टन है और इसकी कुल लंबाई 110 मीटर है। यह आकार इसे अपनी श्रेणी का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत बनाता है। यह पोत उन्नत हाइड्रोग्राफिक और समुद्र विज्ञान संबंधी अनुसंधान कार्यों को संपन्न करने के लिए आवश्यक स्थिरता और क्षमता प्रदान करता है। इस पोत का ढ़ांचा आधुनिक एकीकृत निर्माण तकनीक से निर्मित किया गया है, जो मजबूती और टिकाऊपन सुनिश्चित करता है। भारतीय शिपिंग रजिस्टर (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों का पालन करते हुए इसका डिजाइन तैयार किया गया है। इक्षक अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिनमें समुद्र की गहराईयों और तलछट की उच्च गुणवत्ता वाले आंकड़े संकलित कर उनका डिजिटल विश्लेषण करने के लिए डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण प्रणाली, बिना मानवीय चालक के गहरे पानी में विस्तृत सर्वेक्षण और निगरानी करने में सक्षम स्वायत्त जल वाहन, कठिन जल क्षेत्रों में भी रियल टाइम निगरानी और सर्वेक्षण में मददगार दूर से संचालित वाहन, समुद्री मानचित्रण की सटीकता बढ़ाने हेतु लंबी दूरी की पोजिशनिंग प्रणाली डीजीपीएस, समुद्री तल की संरचना और अवरोधों का विस्तृत डिजिटल चित्र तैयार करने में सहायक डिजिटल साइड-स्कैन सोनार प्रमुख हैं। इन उपकरणों के माध्यम से इक्षक बंदरगाहों, तटीय क्षेत्रों और गहरे समुद्री मार्गों का व्यापक सर्वेक्षण कर सकता है। यह नौवहन चैनलों और समुद्री मार्गों के निर्धारण में निर्णायक भूमिका निभाएगा। इसके अतिरिक्त यह जहाज रक्षा और नागरिक उद्देश्यों के लिए समुद्र विज्ञान संबंधी और भू-भौतिकीय आंकड़े भी एकत्र करेगा। इक्षक दो समुद्री डीजल इंजनों द्वारा संचालित है। यह 18 नॉट (लगभग 33 किलोमीटर प्रति घंटा) से अधिक की गति प्राप्त कर सकता है। फिक्स्ड-पिच प्रोपेलर के साथ-साथ धनुष और स्टर्न थ्रस्टर्स भी इसमें लगाए गए हैं, जो इसे कम गति पर भी अत्यधिक स्थिरता और सटीक संचालन क्षमता प्रदान करते हैं। यह विशेषता सर्वेक्षण अभियानों के दौरान अत्यंत उपयोगी है क्योंकि ऐसे अभियानों में धीमी और स्थिर गति पर काम करना आवश्यक होता है। इक्षक का प्राथमिक उद्देश्य यद्यपि जल सर्वेक्षण और नौवहन चैनलों का निर्धारण है, फिर भी यह पोत बहुआयामी भूमिका निभाने में सक्षम है। यह प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत सामग्री पहुंचाने, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और बचाव कार्यों के लिए अस्पताल जहाज की तरह कार्य कर सकता है, सीमित स्तर पर सैन्य अभियानों में भाग लेने में सक्षम है। यह पोत एक हेलीकॉप्टर ले जाने और उसके संचालन का समर्थन करने में भी सक्षम है। इस प्रकार इक्षक केवल सर्वेक्षण पोत ही नहीं बल्कि एक बहुउद्देशीय मंच है, जो भारतीय नौसेना की विविध आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है। इक्षक भारतीय नौसेना का पहला ऐसा सवीएल (सर्वे वेसल लार्ज) पोत है, जिसमें महिला अधिकारियों और नाविकों के लिए विशेष आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह कदम नौसेना में लैंगिक समानता और समावेशिता की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन है। इससे यह संदेश भी जाता है कि नौसेना अब महिला अधिकारियों की बढ़ती भूमिका और योगदान को लेकर गंभीर और प्रतिबद्ध है। विश्व की सामरिक राजनीति में भारतीय महासागर क्षेत्र अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इस क्षेत्र से होकर विश्व का एक बड़ा हिस्सा समुद्री व्यापार के मार्गों से गुजरता है। ऐसे में नौवहन चैनलों की सटीक जानकारी और समुद्री मार्गों की सुरक्षित निगरानी किसी भी राष्ट्र के लिए अत्यावश्यक है। इक्षक जैसे उन्नत सर्वेक्षण पोत की उपस्थिति से भारत की समुद्री निगरानी और सर्वेक्षण क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी। इससे न केवल नौसेना की परिचालन क्षमता मजबूत होगी बल्कि वाणिज्यिक नौवहन और समुद्री सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और भारतीय नौसेना का संबंध 64 वर्षों से अधिक पुराना है। 1961 में जीआरएसई ने भारतीय नौसेना को पहला स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस अजय सौंपा था। तब से लेकर अब तक यह शिपयार्ड नौसेना को 75 युद्धपोत सौंप चुका है। इक्षक इस दीर्घकालिक साझेदारी का नवीनतम उदाहरण है। वर्तमान में जीआरएसई नौसेना के लिए 14 और युद्धपोतों का निर्माण कर रहा है, जिनमें दो पी-17ए उन्नत निर्देशित मिसाइल फ्रिगेट, सात पनडुब्बी रोधी उथले जल पोत, चार अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत और एक अन्य एसवीएल शामिल हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सनातन में सतयुग से है हरतालिका महाव्रत दाम्पत्य जीवन का मूलाधार

**हरतालिका तीज पर भगवान शिव और माता पार्वती की विधि–विधान से पूजा करने से सुहागिनों को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है और कन्याओं के विवाह में आ रही समस्याएं दूर होती हैं। इसके साथ ही इस व्रत के प्रभाव से अच्छा वर भी मिलता है। हरतालिका तीज एक पावन और भावनात्मक पर्व है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है।**

सनातन धर्म में हरतालिका महाव्रत, प्रेम, समर्पण, पवित्रता,पति की प्राप्ति और दीघार्यु, पारिवारिक समरसता, और शक्ति के अपूर्व सामर्थ्य का महापर्व है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कुटुम्ब प्रबोधन और सामाजिक समरसता की दृष्टि से इस व्रत की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। हरतालिका व्रत, हिन्दुओं के महा॰ व्रतों में से एक है जो सर्वाधिक कठिन लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा देता है। फलस्वरूप सौभाग्यशाली गौरी जी, महादेव को प्राप्त कर ही लेती हैं। प्रत्येक वर्ष भाद्रपद माह शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत रखा जाता है। इस दिन महिलाएं पति की दीघार्यु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखती हैं। हरतालिका तीज का व्रत सुहागिने और कुंवारी कन्याएं भी रहती हैं।

**डॉ. आनंद सिंह राणा**

हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का बड़ा महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरतालिका तीज व्रत रखने से ही मां पार्वती को भगवान शिव पति के रूप में मिले थे। हरतालिका तीज पर भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा करने से सुहागिनों को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है और कन्याओं के विवाह में आ रही समस्याएं दूर होती हैं। इसके साथ ही इस व्रत के प्रभाव से अच्छा वर भी मिलता है। हरतालिका तीज एक पावन और भावनात्मक पर्व है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है। आज के समय में अनेक पुरुष भी अपनी पत्नियों के साथ यह व्रत रखकर इस पर्व की भावना को और सशक्त बना रहे हैं। यही कारण है कि यह व्रत स्त्री-शक्ति, श्रद्धा और अटूट प्रेम का प्रतीक बन गया है। हरतालिका व्रत पूजन कथा के पूर्व इसकी पूर्वपीठिका अवश्य जान लेनी चाहिए, ताकि इस व्रत के प्रयोजन का स्पष्टीकरण हो सके। शिव-शक्ति ही अखिल ब्रह्मांड में प्रेम की शाश्वतता का प्रतीक हैं। सती और शिव का अमर प्रेम अर्धनारीश्वर होकर प्रेम की पराकाष्ठा का द्योतक है। भावी पीढ़ी के लिए शिव-शक्ति का आदर्श प्रेम मार्गदर्शी है। कृष्ण चतुर्दशी की शिवरात्रि का यह वृतांत है, जब भगवा॰ श्रीकृष्ण से राधाजी ने प्रेम के वशीभूत होकर कहा कि विश्व में आपसे बड़ा प्रेमी कोई नहीं हो सकता है! तब श्री कृष्ण ने कहा नहीं राधा! इस अखिल ब्रम्हांड में महादेव से बड़ा कोई प्रेमी नहीं हो सकता और ऐसा कहने के साथ श्रीकृष्ण के आँसू निकलने लगे और उन्होंने राधा को बताना प्रारंभ किया, श्री कृष्ण ने कहा कि राधा, सब रुप बदल- बदल कर नये रूप लेते रहे अलग- अलग रुप लेकर रास लीला करते रहे परंतु महादेव ने कभी अपनी सती (उमा) को नहीं छोड़ा। प्रिय राधा, दक्ष के यहाँ सती जब अग्नि प्रविष्ट हुईं तब महादेव ने उनके उसी शरीर को लिपटाये सदियों विचरण किया और प्रथम एक वर्ष लगातार विलाप किया, वही अश्रु रुद्राक्ष बन गये तब महादेव ने वो रुद्राक्ष की माला पहनी और पूरे शरीर में भी रुद्राक्ष धारण कर लिए। महादेव ने राख तक नहीं छोड़ी पूरे शरीर में राख लपेट ली, वहीं सती के वाहन बाघ (सिंह) ने भी अपने प्राण त्याग दिए थे, तब महादेव ने सती के वाहन का चर्म पहन लिया जिसे आप हम बाघाम्बर के नाम से जानते हैं। आज भी महाकाल ने सती की राख को अपने शरीर में लपेट कर रखा है। महादेव प्रेम की अतल गहराईयों में थे, तब सभी देवताओं ने चिंतित होकर मुझसे प्रार्थना की तब मैंने (भगवा॰ विष्णु) सुदर्शन चक्र से सती के 52 टुकड़े कर दिए, जो महा॰ शक्तिपीठ बने। महादेव ने उन टुकड़ों से भी सती की हड्डियाँ निकाल लीं और उनको गले में धारण कर लिया और आज भी धारण किए हुए हैं, उसके उपरांत महादेव योगी हो गये। प्रयोजन हेतु पार्वती के रूप में सती ने महादेव को पाने के लिए पुनः अवतार लिया महादेव ने उन्हें तभी स्वीकारा जब मैंने विश्वास दिलाया। हरतालिका तीज व्रत कथा इस प्रकार है कि, एक बार कैलाश पर्वत पर माता पार्वती ने भगवान शिव से पूछा कि उन्हें ऐसा कौन-सा पुण्य मिला, जिससे वे शिव को पति रूप में प्राप्त कर सकीं। इस पर भगवान शिव ने उन्हें उनकी ही तपस्या की स्मृति दिलाई। माता पार्वती बाल्य काल से ही शिव को अपने मन में पति के रुप में शिरोधार्य कर चुकी थीं और इसी संकल्प के साथ उन्होंने 12 वर्षों तक कठोर तप किया। उन्होंने जंगल में रहकर पेड़ों के पत्ते खाए, अन्न का त्याग किया और हर मौसम की कठिनाइयों को सहा। उनके इस तप को देखकर उनके पिता, हिमालय राज चिंतित हो उठे। उसी समय नारद ऋषि भगवान विष्णु का रिश्ता लेकर आए, जिसे हिमवान (हिमालय राज) ने स्वीकार कर लिया। जब पार्वती जी को यह बताया गया, तो वे अत्यंत दुखी हुईं और अपने मन की बात सखियों से साझा की। उन्होंने कहा कि वे तो पहले ही भगवान शिव को पति के रुप में स्वीकार कर चुकी हैं इसलिए किसी और से विवाह नहीं करेंगी। यह सुनकर सखियों ने उनको चुपचाप ले जाकर एक गुफा में छुपा दिया। वहीं पार्वती जी ने भाद्रपद शुक्ल तृतीया को हस्त नक्षत्र में मिट्टी से शिवलिंग बनाकर शिव जी की आराधना की और रात भर जागरण किया। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया। तब से यह व्रत सनातन में प्रचलित हुआ और महिलाओं का कंठहार बना। पूजा सामग्री के रुप में फल, फूल, कपूर, घी, दीपक, मिठाई, सुपारी, पान, बताशा, घी, कुमकुम, पूजा-कलश, सूखा नारियल, शमी का पत्ता, धतूरा, शहद, गुलाल, पंचामृत, कलावा, इत्र, चंदन, मंजरी, अक्षत, गंगाजल, दूर्वा, जनेऊ, बेलपत्र, वस्त्र और केले का पत्ते का प्रावधान है। लाल रंग देवी पार्वती का प्रिय है, जो प्रेम और शक्ति का प्रतीक है। हरा रंग हरियाली और समृद्धि का संकेत देता है, जबकि गुलाबी रंग सौम्यता और आपसी समझ का प्रतीक माना जाता है। हरतालिका तीज में पूजा करते समय फुलेरा का बड़ा महत्व है। पूजा के दौरान भगवान शिव के ऊपर जलधारा की जगह फुलेरा बांधा जाता है। फुलेरा को पांच तरह के फूलों से बनाया जाता है। फुलेरा में बांधी जाने वाली 5 फूलों की मालाएं भगवान शंकर की पांच पुत्रियों (जया, विषहरा, शामिलबारी, देव और दोतली) का प्रतीक है।

हरतालिका तीज की पूजन विधि के अंतर्गत, सुहागिन महिलाएं प्रातः शीघ्र उठकर स्नान करें और नए वस्त्र पहनें तदुपरांत घर के मंदिर या पूजन स्थल में दीप प्रज्वलित करें। सभी देवी-देवताओं को धूप-दीप दिखाएं और व्रत का संकल्प लें। इसके बाद मां पार्वती, भगवान शिव और गणेश जी की विधि-विधान से पूजा करें। हरतालिका तीज व्रत कथा का पाठ करें और सभी देवी-देवताओं की आरती उतारें। मां पार्वती को श्रृंगार का सामान अर्पित करें और अखंड सौभाग्य की कामना करें।

कल्चरल मार्क्सिज्म के शिकार, लैला-मंजनू, शीरी-फरहाद और रोमियो-जूलियट की असफल प्रेम कहानियों में भटकते हुए न केवल भारत वर॰ विश्व के स्त्री-पुरुषों को सनातन दृष्टि से प्रेम और विवाह को समझना होगा तभी प्रेम सफलीभूत होगा। प्रेम यदि दैहिक है तो निश्चित ही असफल होगा परंतु आध्यात्मिक भी है तो अमर रहेगा, सती और शिव का प्रेम इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। शिव-शक्ति ही अखिल ब्रह्मांड में प्रेम की शाश्वतता का प्रतीक हैं। सती और शिव का अमर प्रेम अर्धनारीश्वर होकर विवाह संस्कार के रुप में सफलीभूत होता है। भावी पीढ़ी के लिए शिव-शक्ति का आदर्श प्रेम और विवाह मार्गदर्शी है और हरतालिका व्रत उसका साक्षी है।

**(लेखक, इतिहास के प्राध्यापक एवं इतिहास संकलन समिति महाकौशल प्रांत उपाध्यक्ष हैं।)**

# भगवान विष्णु के तीसरे अवतार हैं वराह

हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान विष्णु के तीसरे अवतार भगवान वराह की जयंती मनाई जाती है। इस बार आज यानी की 25 अगस्त 2025 को वराह जयंती मनाई जा रही है। बता दें कि भगवान वराह ने देवी पृथ्वी को हिरण्याक्ष नामक राक्षस से बचाने के लिए यह अवतार लिया था। वराह जयंती भगवान वराह के वीरता और पराक्रम का प्रतीक है। माना जाता है कि इस दिन जो भी जातक सच्चे हृदय से भगवान वराह की पूजा करते हैं, उनको जीवन में आने वाली हर बाधा से मुक्ति मिलती है।



### तिथि और मुहूर्त

बता दें कि भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरूआत 25 अगस्त की दोपहर 12:35 मिनट से शुरू हो रही है, वहीं अगले दिन यानी की 26 अगस्त की दोपहर 01:54 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। वहीं पूजा का शुभ मुहूर्त दोपहर 01:40 बजे से लेकर शाम 04:15 मिनट तक रहेगा।

### पूजन विधि

इस दिन सुबह जल्दी स्नान आदि करने के बाद साफ वस्त्र पहनें। इसके बाद भगवान वराह का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लें। अब पूजा की वेदी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाएं। फिर चौकी पर भगवान वराह की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। सबसे पहले भगवान वराह की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराएं और फिर पीला वस्त्र पहनाएं। अब हल्दी, कुमकुम और चंदन का तिलक करें। इसके बाद उनको लड्डू, पंचामृत और पील फल का भोग लगाएं। फिर कथा का पाठ करें और चालीसा व आरती करें।

### मंत्र

ॐ श्री वराहाय नमः॥
ॐ नमो भगवते वराहरूपाय भूभुर्वस्वः पतये भू पतित्वं देहि ददापय स्वाहा॥

## टिप्स

### झटपट बनाएं कुरकुरे मसाला मूंगफली

अक्सर शाम की चाय के साथ कुछ कुरकुरा और चटपटा खाने का मन करता है। ऐसे में आप मूंगफली मसाला एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। इसको बनाना काफी आसान होता है और इसको बनाने में अधिक समय नहीं लगता है। आप मूंगफली मसाला को आप पार्टी, त्योहार और घर आए मेहमानों के लिए कम समय में आसानी से बना सकते हैं। यह मसाला मूंगफली अगर आपने बना लिया है, तो बच्चों और बड़ों सभी लोगों को बेहद लाजवाब लगेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ मूंगफली मसाला बनाने की आसान रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं, जोकि हर बार चाय के साथ आपके मूड को बना देगी।

सामग्री
कच्ची मूंगफली- 1 कप
बेसन- आधा कप
चावल का आटा- 2 टेबलस्पून
लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून
हल्दी- चुटकी भर
चाट मसाला- वैकल्पिक
गरम मसाला- चुटकी भर
नमक स्वादअनुसार
हरी मिर्च बारीक- कटी वैकल्पिक
अदरक बारीक कटा- 1 टीस्पून (वैकल्पिक)
हरा धनिया- बारीक कटा

**ऐसे बनाएं**

मसाला मूंगफली बनाने के लिए मूंगफली को धोएं नहीं, बल्कि उसको थोड़ा सा धूप दिखा दें। इसके बाद सूखी मूंगफली को एक बड़े बाउल में रख लें। इसके बाद इनमें चावल का आटा, बेसन, हल्दी, लाल मिर्च, गरम मसाला, चाट मसाला और नमक मिलाएं। आप चाहें तो अलग से हरी मिर्च और हरा धनिया भी डाल सकती हैं। इसके बाद थोड़ा-थोड़ा करके पानी मिलाएं और मसाले को मूंगफली पर अच्छे से कोट करें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## बरहेट विधानसभा के हर घर तक कांग्रेस को पहुंचना ही मुख्य उद्देश्य : हीरालाल



**साहिबगंज/बरहेट :** संगठन सृजन 2025 के तहत प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रभारी के.राजू एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार साहिबगंज जिला के बरहेट प्रखंड अंतर्गत तलबड़िया पंचायत में प्रखंड अध्यक्ष तैमुर अंसारी के अध्यक्षता में ग्राम पंचायत कमेटी का गठन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरहेट प्रखंड पवर्येक्षक हिरालाल साहा जी उपस्थित रहे।सभी नव नियुक्त पंचायत पदाधिकारीयों को मुख्य अतिथि एवं प्रखंड के पदाधिकारीयो और मंडल अध्यक्ष के द्वारा नियुक्ति पत्र देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष तैमुर अंसारी ने बताया की ग्राम स्तर पर संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच कांग्रेस की विचारधारा को और व्यापक रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभियान जारी है।पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दे कर कांग्रेस पार्टी ने निष्ठा,समर्पण और संघर्षशीलता के साथ काम करने का संकल्प दिलाया गया।प्रखंड पवर्येक्षक हिरालाल साहा ने कहा की ह्लसंगठन सृजन 2025ह्व अभियान का संदेश साफ हैझ्रकांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और इन्हीं की बदौलत लोकतंत्र मजबूत होगा।मौके पर पर्यवेक्षक हिरालाल साहा,प्रखण्ड महासचिव मो फरीद अंसारी,मुक्ताज आलम,अफजल अंसारी मोहिब्बुल हक,हराधन तुरी,मुतेर्जा अंसारी सैफूल अंसारी मकसुद अंसारी एवं अन्य कई कांग्रेसजन शामिल रहे।

## कृष्ण बालरूप सज्जा डांडिया नृत्य प्रतियोगिता



**साहिबगंज :** शहर के सकरूगढ़ स्थित दि इंग्लिश ग्रामर स्कूल साहिबगंज के प्रांगण में संस्कार भारती,झारखंड के बैनर तले श्री कृष्ण बालरूप सज्जा डांडिया नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो दिव्य व भव्य था।छोटे छोटे श्री कृष्ण छोटी छोटी राधा रानी की प्रस्तुति बड़ा ही मनभावन था। छोटे छोटे बच्चे अपने माता-पिता संग शुभ्र वस्त्र में आए हुए थे।जो बड़ा सुन्दर मनोरंजक दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। इसके पहले अतिथि के रूप में प्रो सुबोध कुमार झा आशु सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार तिवारी और संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष सत्यजीत कृष्णा,जिला मंत्री डॉ ममता विद्यार्थी, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार शर्मा,साहित्य प्रमुख श्वेता दत्ता ,सह मंत्री शालिनी गुप्ता,कार्यकारिणी सदस्य पुनम तिवारी,पुजा झा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। दिवान देव ने कृष्ण की दुविधा पर काव्य पाठ किया।ममता विद्यार्थी ने भजन प्रस्तुत किया।इसके बाद बच्चों का कार्यक्रम और अंत में संस्कार भारती के सदस्यों ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया।संजय कुमार तिवारी ने कृष्ण रूप का एक सुन्दर गीत और प्रोफेसर सुबोध ने कृष्ण राधा पर एक घनाक्षरी कविता प्रस्तुत कर अपना आशीर्वचन दिया।कार्यक्रम में शामिल होने वालों में शिप्रा देवी,वेदिका रानी,किरण कुमारी,सिंपली कुमारी,नेहा कुमारी मुस्कान कुमारी, आर्य तिवारी,आस्था सिंह,कंचन कुमारी, बबिता कुमारी,नीतू कुमारी,अमीषा कुमारी,अनिशा कुमारी, दीक्षा भारती, दीपा तिवारी कुमकुम कुमारी एवं सैकड़ों अभिभावकों एवं दर्शकों की उपस्थिति रही।शिल्पी कुमारी का मंच संचालन सुंदर और मंत्रमुग्ध करने योग्य था और अंत में संस्कार भारती के अध्यक्ष सह दि इंग्लिश ग्रामर स्कूल के प्रिंसिपल सत्यजीत कृष्णा ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के अंत होने की घोषणा की।

## जिरवाबाड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आज

**साहिबगंज :** गणेश पूजा और विश्वकर्मा पूजा के दौरान क्षेत्र की विधि व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आज समय 3:00 बजे जिरवाबाड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के शांति समिति के सभी सम्मानित सदस्य,शहर के गणमान्य लोग बैठक में पहुंचकर त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।इसकी जानकारी नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित गुप्ता ने दी।

## जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध : गौतम



**साहिबगंज :** जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार राहत कार्य संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज साहिबगंज प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर एवं वासकोला दियारा में अपर समाहर्ता गौतम भगत एवं अंचलाधिकारी बास्की नाथ टुडू के नेतृत्व में बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया।प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली तथा शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। राहत सामग्री के रूप में आवश्यक खाद्यान्न एवं अन्य वस्तुएँ उपलब्ध कराई गईं।अपर समाहर्ता श्री गौतम भगत ने कहा कि जिला प्रशासन प्रत्येक बाढ़ प्रभावित परिवार तक समय पर राहत पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी परिवार को असुविधा न हो, इसके लिए नियमित रूप से निगरानी एवं वितरण कार्य जारी रहेगा।इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे धैर्य एवं सहयोग बनाए रखें तथा किसी भी आवश्यकता अथवा आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रखंड प्रशासन एवं जिला प्रशासन या जिला नियंत्रण कक्ष को दें।

# भाजपा ओछी राजनीति बंद करे और शहीदों का सम्मान करे : अरुण कुमार सिंह

संवाददाता

**साहिबगंज :** केंद्र सरकार द्वारा संसद में असंवैधानिक विधेयक पेश करने के विरोध में रविवार को जेएमएम जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में साहिबगंज रेलवे स्टेशन चौक पर जेएमएम कार्यकताओं ने भाजपा का पुतला दहन किया।इस दौरान कार्यकताओं ने भाजपा के शीर्ष नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा की भाजपा ओछी राजनीति बंद करे,शहीदों का सम्मान करे.वही जेएमएम जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा की उक्त विधेयक असंवैधानिक रूप से जनप्रतिनिधि को उसके दायित्वों से विमुख करते हुए जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान करना है।उन्होंने कहा की भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार अपने



विरोधियों को राजनैतिक,सामाजिक एवं मानसिक स्तर पर नुकसान पहुँचाने अथवा अपने राजनैतिक दल को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से केंद्रीय जाँच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है।उक्त विधेयक का दुरूपयोग कर किसी भी जन प्रतिनिधि को किसी भी केंद्रीय जाँच एजेंसी द्वारा 30 दिनों से अधिक समय के लिए न्यायिक हिरासत में भेज कर जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान करते हुए सम्बंधित जन प्रतिनिधि,जो दोषी नहीं है।को इस्तीफा देने अथवा पद छोड़ने के लिए बाध्य किया जाएगा.वही जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी ने कहा की यह न सिर्फ जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान है।बल्कि जनता को गुमराह करने की साजिश भी है।श्री मरांडी ने कहा की भाजपा अपने चाल-चरित्र के अनुरूप सत्ता पर काबिज होने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती हैउपरोक्त स्थिति में झारखण्ड सहित देश के सभी राज्यों में भाजपा के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय गोश्वामी,केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष संजीव सामु हेंब्रम,संजय मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा,केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव,केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी,मुजीबुर रहमान, अखलाकुर रहमान,जिला सचिव सुरेश टुडू,जिला उपाध्यक्ष प्रो मुजम्मिल हक,जिला कोषाध्यक्ष सुरेश शाह,जिला उपाध्यक्ष जंग बहादुर सिंह, जेम्स किस्कु,ग़ुलाम आजाद, राजू अंसारी,बर्नार्ड मरांडी, दुर्गा मंडल,वारिश अनवर, विकास यादव, अमरदीप,गफ़्फ़ार अंसारी आदित्य यादव,जंग बहादुर सिंह,विनय कुमार सिंह,सरिता देवी, नईम अंसारी,छवि हेंब्रम, तारिक अनवर,विनीत पोद्दार, एकरामूल हसन,दिनेश सोरेन, योगेश हांसदा,गोपाल मंडल,नुमान अंसारी अमरदीप सिंह,गुरु हेम्ब्रम,मो शाहबाज,मो इब्राहिम धर्मवीर कुमार, सहित समस्त प्रखण्ड के अध्यक्ष सचिव नगर अध्यक्ष सचिव मौजूद थे।

## अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क : अमित

संवाददाता

**साहिबगंज :** पुलिस लाइन के पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी हुई। इसकी अध्यक्षता पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने की।अपराध गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा की अपराध नियंत्रण संबंधी टिप्स दिए और पर्व त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का निर्देश दिया। जबकि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है।किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें।एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को अपराधियों की लिस्ट बना कर उन्हें गिरफ्तार करने नशा उत्पादों पर रोक लगाने,बाइक की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करने,गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने,




चौक,चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करने,हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने,लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने,लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने,सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने अवैध लॉटरी,जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया।साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने थानों में उनकी समस्या सुनने सूचना तंत्र को मजबूत बनाने का निर्देश दिया।मौके पर डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा,एसडीपीओ किशोर तिर्की,प्रशिक्षु डीएसपी रूपक सिंह, राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल सहित कई इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी मौजूद थे।

## कालाजार से प्रभावित बच्चा गांव में संध्या चौपाल का आयोजन

संवाददाता

**साहिबगंज :** डॉ रामदेव पासवान सिविल सर्जन साहिबगंज के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंडरों के आयुष्मान आरोग्य मंदिर खैरा अंतर्गत कालाजार से प्रभावित बच्चा गाँव में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया! जिसमे उक्त गाँवों में एल ईडी वेन के माध्यम से ग्रामीणों को वैक्टर जनित रोग कालाजार, मलेरिया, फाईलेरिया, डेंगू एवं आगामी 25 अगस्त से होने वाले आइआर एस कीटनाशी छिड़काव के बारे मे जागरूक किया गया। इसके साथ ही विभिन्न ग्रामों से आए लोगों को सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच एवं स्थल पर ही दवा वितरण किया गया! उक्त संध्या चौपाल में ग्रामीणों को बीपी, शुगर, सिकल सेल एनीमिया, मलेरिया, कालाजार, फाईलेरिया, यक्ष्मा, एचआईवी एवं अन्य सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच किया गया! साथ ही साथ स्थल पर



ही आभा कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया! मौके पर डॉ॰ सत्ती बाबू डबडा जिला भीबीडी सलाहकार के द्वारा उक्त संध्या चौपाल में पहुंच कर उपस्थित ग्रामीणों को से सम्बंधित बीमारियों एवं कल से शुरू होने वाले आइआर एस कीटनाशी छिड़काव के फायदे के बारे में बिस्तृत जानकारी दिए।इस मौके पर डॉ॰ साकेत सानू चिकित्सा पदाधिकारी, अमित कुमार संध्याल जिला लेखा प्रबंधक, प्रवीर कुमार सिन्हा एमटीएस, रवि कुमार जाटव सीएच ओ, बिनोद कुमार शर्मा, बिष्णु वैभव यूनिसेफ से, पंकज कुमार , अवधेश कुमार एमपीडब्ल्यू दिनेश कुमार , एएन एम सहिया साथी, सहिया आदि सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## जबतक हम सभी एक होकर नहीं रहेंगे सरकार हमारी समस्याओं को नहीं समाधान करेगी : मनु प्रसाद

संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट,के मैदान में भारतीय हलधर किसान यूनियन जिला शाखा साहिबगंज की पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ किसान मनु प्रसाद यादव ने किया। इस दौरान किसानों ने अपनी अपनी समस्याओं को बैठक में रखा।किसान ने अपने यूनियन की मजबूती पर भी प्रकाश डाला।कहा जबतक हम सभी एक होकर नहीं रहेंगे हमारी एक भी समस्या को सरकार नहीं समाधान करेगी।आए हुए किसानों ने पूरे जिला में सदस्यता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने की बात कहा।किसानों ने सरकार से अपनी पुरानी मांग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2018 से 2024 तक



शीघ्र भुगतान हो,जमीन का लगान रशीद कटना बंद हैं जल्द शुरू किया जाए,बाढ़ के कारण 2025 का खरीफ फसल मकई गंगा में डूब चुका है बीमा भुगतान करने की व्यवस्था हो,बाढ़ पीड़ित किसान परिवार को उन्हें भरण पोषण के लिए उचित मात्रा में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के अलावे किसानों को समय पर निशुल्क खाद बीज उपलब्ध कराने की सरकार से मांग की।वही किसानों का सरकार से मांग करती है उनके हित में सरकारी योजना जिला तक आती है,परंतु सही तरीके से किसान तक नहीं पहुंच के कारण किसान सरकारी योजनाओं से वंचित हो जाते हैं ऐसे में जिला स्तरीय पदाधिकारी को किसान हित के बैठक में किसान यूनियन के प्रतिनिधि को भी आमंत्रित करने का आदेश जारी की जाए।धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की अगली तिथि 7 सितंबर को रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट के मैदान में रखी गई है।मौके पर शंकर प्रसाद यादव, मनु प्रसाद यादव,जिला महिला मोर्चा किसान यूनियन के ममता कुमारी, लक्ष्मण राय,हीरालाल पंडित,शंकर खंडेलवाल,उदय कुमार गुप्ता,भगवान मंडल,बास्की नाथ यादव,सुरेश मंडल, वासुदेव सिंह,राम अवतार सिंह,धर्मराज चौधरी,प्रदुमन चौधरी,गणेश प्रसाद चौधरी,कृष्ण मोहन यादव,शंकर रविदास जय राम चौधरी,कपिल देव मंडल,रामप्रवेश यादव, दिनेश यादव सहित अन्य किसान मौजूद थे।

## बंद मकान में चोरों ने तीस हजार कैश के साथ कीमती कपड़े ले भागे

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत झिकटिया में पुनः चोरों ने एक बार फिर दस्तक देते हुए लाखों की चोरी घटना को अंजाम देने का कार्य किया है।इस बाबत झिकटिया निवासी सबीना परवीन पति मोहम्मद शहुद आलम के बंद कमरे से चार दीवारी फांद कर जहां अज्ञात चोर घर में घुसकर ग्रिल गेट को काटकर मकान के चार अन्य कमरे में रखे बक्सा गोदरेज, अलमारी,ट्रंक सहित अन्य सामानों को जमीनों को बिखेर कर बेश कीमती सामग्री पर हाथ साफ किया है।घटना की जानकारी मिलते ही थाना एएसआई धर्मेंद्र कुमार पासवान सदल बल मौके पर पहुंचकर चोरी का जायजा लिए हैं। इस बाबत मकान मालकिन सबीना परवीन पति मोहम्मद शहूद आलम ने बताया कि वह चार दिन पूर्व बरहेट रिश्तेदार के यहां गए थे।आज रविवार को संध्या घर लौटने पर मकान का मुख्य दरवाजा खोलकर यूं ही अंदर प्रवेश किया।वहीं देखा चारों कमरा पूरी तरह खुले पड़े हैं। और गोदरेज,बक्सा,ट्रंक, अलमारी सहित अन्य में रखे कपड़े व सारा सामग्री घर के कमरे में बिखरा पड़ा है।वही बेश कीमती सामग्री गायब है।इस दौरान उन्होंने बताया की दो ताला का कड़ी काटकर अज्ञात चोर कमरे में प्रवेश किया और इस दौरान कान का सोना तकरीबन तीस हजार रूपए कैश के साथ-साथ कीमती कपड़े और सामग्री चोरी कर लिया गया है।हालांकि अब तक चोरी का आकलन नहीं हुआ है।उन्होंने कहा कि तकरीबन 2 वर्ष पूर्व भी अज्ञात चोरों के द्वारा हमारे घर में घुसकर चोरी घटना को अंजाम दिया था। परंतु अब तक पुलिस उक्त चोरी घटना का उद्वेदन नहीं कर सकी बता दें कि तकरीबन एक माह पूर्व प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक आनंद के भाई आलोक आनंद के घर में हुई थी।

## एनसीसी कैडेट्स के लिए किया गया प्रमाणपत्र वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन

संवाददाता

**दुमका :** डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका (प्लस टू जिला स्कूल, दुमका) में रविवार को एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी, डॉ0 दिलीप कुमार झा के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स के लिए प्रमाणपत्र वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 36 झारखण्ड बटालियन एनसीसी धनबाद के कमांडिंग अफसर कर्नल संजय खंडेलवाल, सूबेदार मेजर , प्रधान लिपिक विजय सिंह ने एनसीसी कैडेट्स के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने पर खुशी प्रकट करते हुए प्रमाणपत्र पाने वाले सभी एनसीसी कैडेट्स को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। प्रमाणपत्र वितरण सह सम्मान समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि भारत स्काउट एवं गाइड के जिला सचिव विजय कुमार दूबे एवं एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी डॉ0 दिलीप कुमार झा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त के करकमलों द्वारा 'ए' सर्टिफिकेट प्राप्त 32 कैडेट्स एवं स्वर्ण मंगल पब्लिक स्कूल, धनबाद में आयोजित संयुक्त वार्षिक कैम्प में प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे कर आए 43 कैडेट्स को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर उपस्थित एनसीसी कैडेट्स को अपने जीवन को सफल बनाकर राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए प्रेरित करते हुए मुख्य अतिथि भारत स्काउट एवं गाइड के जिला सचिव विजय कुमार दूबे ने कहा कि एनसीसी का प्रशिक्षण बच्चों को सफल जीवन के लिए सशक्त बनाता है।श्री दूबे ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स सफल जीवन के लिए काम आने वाले विभिन्न गतिविधियों में निपुण होकर अपने जीवन को खुशहाल बनाते हुए समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा के लिए दक्ष होते हैं। एनसीसी कैडेट्स राष्ट्र सेवा, समाज सेवा



एवं नागरिक सुरक्षा को अपना मुख्य कर्तव्य मानते हैं। कहा कि एनसीसी का प्रशिक्षण जीवन मे कैरियर को सफल बनाने में भी सहायक होता है। प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस ने सभी एनसीसी कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि एनसीसी एक ऐसा कारगर प्लेटफॉर्म है जहाँ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए उनके भविष्य को उज्ज्वल किया जाता है। प्रभारी प्राचार्य श्री राजहंस ने कहा कि एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त करना एक छात्र के लिए गौरव की बात है।कहा कि एनसीसी का प्रशिक्षण कठिन समय मे भी सफल जीवन जीने की कला सिखाता है। मौके पर उपस्थित एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी डॉ0 दिलीप कुमार झा ने कहा कि एनसीसी के प्रशिक्षण में कैडेट्स को विभिन्न सैन्य एवं नागरिक विषयों का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमे ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, अस्त्र शस्त्र संचालन,फील्ड क्राफ्ट,मैप रीडिंग एवं नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। डॉ0 झा ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट्स में अनुशासन,नेतृत्व एवं टीम भावना जैसे गुणों का विकास किया जाता है। मौके पर उपस्थित एनसीसी कैडेट्स श्रीधर झा, विष्णु कुमार, रिशू कुमार, सत्यम मिश्रा, पीयूष लायक, देवराज, अभिषेक तिवारी,अभिषेक यादव, मिलन कुमार मंडल,युवराज सिंह, पवन कुमार दास,अभिषेक चन्द्र,आर्यन राज एवं लक्की गुप्ता के अलावे सभी कैडेट्स प्रमाणपत्र पाकर खुश नजर आये।



## साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज. ने जीता महिला डीपीएल का खिताब

# रोमांचक फाइनल में सेंट्रल दिल्ली क्वींस को 1 रन से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार रात महिला दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांच से भरा रहा। पिछले सीजन की उपविजेता साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज. ने इस बार खिताब जीत लिया और सेंट्रल दिल्ली क्वींस को सिर्फ 1 रन से मात देकर चैंपियन बनीं। 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली क्वींस की शुरूआत खराब रही। शुरूआती विकेट गिरने और बीच में बारिश से खेल बाधित होने के बाद उनकी पारी लय नहीं पकड़ सकी। 74/5 पर संघर्ष कर रही टीम को मोनिका (33 रन, 28 गेंद) और रिया शौकीन (28* रन, 28 गेंद) ने छठे विकेट के लिए 33 रनों की साझेदारी से संभाला। लेकिन अहम मौके पर मोनिका के आउट होने से मैच का रूख बदल गया। निचला क्रम डगमगा गया और क्वींस 20 ओवर में 120/8 तक ही पहुँच सकीं, यानी लक्ष्य से सिर्फ एक रन पीछे रह गईं। दक्षिण दिल्ली की ओर से मेधावी बिधुरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट लिए। हिमाक्षी चौधरी ने भी 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट चटकाए। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपरस्टार्ज. की शुरूआत भी साधारण रही। तनिष्का सिंह (14) और शिवि शर्मा (29) ने पारी को संभाला। इसके बाद तनिशा सिंह (28) ने शिवि के साथ मिलकर 50 रनों की अहम साझेदारी की। लेकिन इनके आउट होते ही मिडिल ऑर्डर बिखर गया। क्वींस की ओर से प्रिया मिश्रा (2/19), निधि माहतो (2/24) और साची (2/7) ने शानदार गेंदबाजी की। हालांकि कप्तान श्वेता सेहरावत (34 रन, 24 गेंद) ने आखिर तक संघर्ष कर टीम को 20 ओवर में 121/8 तक पहुँचाया। यही स्कोर अंततः खिताब दिलाने में निर्णायक साबित हुआ।

**संक्षिप्त स्कोरकार्ड:**

साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज: 121/8, 20 ओवर (श्वेता सेहरावत 34, शिवि शर्मा 29, तनिशा सिंह 28; प्रिया मिश्रा 2/19, निधि माहतो 2/24, साची 2/7)। सेंट्रल दिल्ली क्वींस: 120/8, 20 ओवर (मोनिका 33, रिया शौकीन 28*; मेधावी बिधुरी 3/26, हिमाक्षी चौधरी 2/18)

## एशिया कप 2025: खिताब बचाने बिहार पहुँची कोरिया हॉकी टीम

एजेंसी




**राजगीर :** गत विजेता कोरिया की पुरुष हॉकी टीम रविवार रात एशिया कप 2025 के लिए बिहार पहुँच गई। कप्तान जोंगसुक बे के नेतृत्व में कोरिया टीम इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में अपना दबदबा बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। टूनार्मेंट 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में खेला जाएगा। कोरिया अब तक पुरुष एशिया कप का खिताब रिकॉर्ड पाँच बार जीतकर सबसे सफल टीम रही है। उनका पिछला खिताब 2022 में जकार्ता में आया था, जब फाइनल में उन्होंने मलेशिया को 2-1 से हराया था। वर्तमान में विश्व हॉकी रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज कोरिया को पूल-बी में रखा गया है, जहाँ उसका सामना मलेशिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे से होगा। टीम अपना पहला मैच 29 अगस्त को चीनी ताइपे के खिलाफ खेलेगी, इसके बाद 30 अगस्त को मलेशिया से भिड़ेगी और 1 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ पूल चरण का समापन करेगी। कप्तान जोंगसुक बे ने आगमन पर कहा, ह्लयह हमारा राजगीर में पहला टूनार्मेंट है और यहाँ जो स्वागत हमें मिला है वह बेहद खास और दिल छू लेने वाला है। लोगों की मेहमाननवाजी और उत्साह ने इस प्रतियोगिता को हमारे लिए और भी खास बना दिया है। खिताब बचाने की चुनौती पर बे ने कहा, यह कहना आसान नहीं कि हम खिताब बचा लेंगे, क्योंकि हर टीम मजबूत है और मुकाबले कठिन होंगे। लेकिन हम वादा करते हैं कि मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और पूरी प्रतिबद्धता और जज्बे के साथ खेलेंगे। हमारी कोशिश होगी कि ट्रेनिंग में की गई मेहनत को प्रदर्शन में बदलें और सकारात्मक नतीजे लेकर लौटें। उन्होंने आगे कहा, ह्लइस टूनार्मेंट की अहमियत और भी बढ़ जाती है क्योंकि विश्व कप का टिकट दांव पर है। दबाव जरूर है, लेकिन हम इसे बोझ नहीं बनने दे रहे। यह हमें और कड़ी मेहनत करने और केंद्रित रहने की प्रेरणा दे रहा है।

## बेलिंडा क्लार्क को स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम में लीजेंड का दर्जा

एजेंसी

सिडनी, 25 अगस्त (हि.स.)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बेलिंडा क्लार्क को स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम ने ह्यलीजेंडह्ल का दर्जा दिया है। क्लार्क यह सम्मान पाने वाली केवल छठी क्रिकेटर बनी हैं। उनसे पहले डॉन ब्रैडमैन, कीथ मिलर, रिची बेनॉड, डेनिस लिली और शेन वॉर्न को यह सम्मान मिल चुका है। हॉल ऑफ फेम ने इसे उनके खेल में उत्कृष्टता, लंबे करियर, जज्बे और योगदान की पहचान बताया। क्लार्क को दुनिया की सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में गिना जाता है। उन्होंने 1991 से 2005 तक के करियर में वनडे में 47.49 और टेस्ट में 45.95 की औसत से रन बनाए। केवल 23 साल की उम्र में कप्तान बनने वाली क्लार्क ने 11 वर्षों तक यह जिम्मेदारी संभाली। उनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने 101 वनडे में से 83 मैच जीते और दो विश्व कप खिताब अपने नाम किए। 1997 विश्व कप में डेनमार्क के खिलाफ 229 रन की नाबाद पारी खेलकर क्लार्क वनडे में दोहरा शतक लगाने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी (पुरुष या महिला) बनीं। खिलाड़ी जीवन के बाद भी क्लार्क ने महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में प्रशासक और आईसीसी महिला समिति की सदस्य के रूप में योगदान दिया। क्लार्क ने कहा, ह्लयह अविश्वसनीय सम्मान है। मैं गर्व, कृतज्ञता और आश्चर्य का मिश्रण महसूस कर रही हूं। क्रिकेट टीम खेल है और यह उपलब्धि भी मेरे साथियों, कोचों और सपोर्ट स्टाफ की मेहनत का नतीजा है। मुझे खुशी है कि महिला क्रिकेट सही दिशा में आगे बढ़ रही है और मैं इसके भविष्य को लेकर आश्वस्त हूं। स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम चयन समिति के अध्यक्ष ब्रूस मैकएवनी ने कहा, ह्लक्लार्क एक ट्रेलब्लेजर हैं। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी से खेल का तरीका बदला। खिलाड़ी, कप्तान और शीर्ष प्रशासक के रूप में उनकी नेतृत्व क्षमता और प्रभाव बेमिसाल है।ह्व

2023 में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर क्लार्क की प्रतिमा लगाई गई थी और उनके नाम पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया व क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स ने पदक भी शुरू किए हैं।



दिखी शानदार केमेस्ट्री

# अवनीत कौर और शांतनु का गाना फकीरा रिलीज

**अवनीत** कौर और शांतनु की मोस्ट अवेटेड फिल्म लव इन वियतनाम के मेकर्स ने फिल्म का गाना फकीरा रिलीज कर दिया है। वरुण जैन ने इस गाने को अपनी आवाज दी है और इसे आमिर अली ने कंपोज किया है। फकीरा एक सूफी रॉक स्टाइल का भावुक गाना है, जो प्यार में जुदा होने का दर्द बहुत खूबसूरती से दिखाता है। गाने को लेकर शांतनु ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया, फकीरा उन गानों में से है जो दर्शकों को काफी पसंद आएगा। यह सिर्फ एक धुन नहीं है, बल्कि एक एहसास है। इसमें प्यार और जुदाई का मेल है, जिसे खूबसूरती से पेश किया गया है। गायक वरुण जैन ने कहा, जब हमने इस गाने पर काम करना शुरू किया था, तो हमारा मकसद ऐसा गाना बनाना था, जो पुराना भी लगे और नया भी। जिसमें सूफी संगीत की गहराई हो, लेकिन आज के जज्बात भी शामिल हों। मेरे लिए फकीरा सिर्फ फिल्म का गाना नहीं है, बल्कि वो डोर है, जो प्यार और दर्द को आपस में जोड़ती हो। अवनीत कौर कहती हैं, यह गाना टूटे हुए दिल के दर्द को बयां करता है। लेकिन इसकी खास बात ये है कि ये सिर्फ दर्द नहीं देता, बल्कि धीरे-धीरे उस दर्द पर मरहम की तरह काम करता है। फकीरा ऐसा गाना है जो आपके दिल में बस के रह जाता है, जैसे कोई पुराना जख्म आपको मजबूत बना देता है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित लव इन वियतनाम में वियतनामी अभिनेता खा नगन भी अहम भूमिका में हैं। राहत काजमी फिल्म स्टूडियोज, इनोवेशन्स इंडिया और ब्लू लोटस पिक्चर्स द्वारा निर्मित और जी स्टूडियोज, एंड प्रोडक्शन्स, जेबाइश एंटरटेनमेंट, तारिक खान प्रोडक्शन्स और मैंगो ट्री एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म 12 सितंबर 2025 को रिलीज होगी।

## उठाएंगी महिलाओं के मुद्दे

# सोहा अली खान लेकर आ रही हैं अपना पॉडकास्ट ऑल अबाउट हर

**अभिनेत्री** सोहा अली खान बहुत जल्द ही एक नए रोल में दिखाई देने वाली हैं। वो अपनी पॉडकास्ट सीरीज ऑल अबाउट हर लेकर आ रही हैं। इस शो की वो मेजबानी खुद करेंगी। उनका ये पॉडकास्ट यूट्यूब पर 22 अगस्त से प्रीमियर होगा। जैसा कि नाम से पता चलता है, ये महिला केंद्रित शो होगा जिसमें महिलाओं के मुद्दों को उठाया जाएगा। मेहमानों की लिस्ट में वो महिलाएं होंगी जिन्होंने अपने क्षेत्र में खास मुकाम बनाया है। मनोरंजन जगत से लेकर चिकित्सा जगत की नामी गिरामी शख्सियत इसका हिस्सा बनेंगी। ऑल अबाउट हर में मलाइका अरोड़ा, करीना कपूर खान, स्मृति ईरानी, राधिका गुप्ता, पत्रलेखा, सनी लियोन और नामचीन अदाकाराओं को शामिल किया जाएगा।



डॉ. किरण कोएल्हो, डॉ. रंजना धनु और रुजुता दिवेकर जैसी विशेषज्ञों को भी इसमें देखा जा सकेगा, जो अलग-अलग मुद्दों पर अपनी राय देती दिखेंगी। इसमें कामकाजी महिलाओं की परेशानियां, दफ्तर और घर के बीच संतुलन बनाने की कोशिश, निवेश करने के बुनियादी तरीके, और मेंटल हेल्थ को मैनेज करने के तरीकों पर बात होगी। दावा है कि महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बातचीत होगी। अपने इस पॉडकास्ट के बारे में सोहा अली खान ने कहा,पिछले कुछ सालों में, मुझे एहसास हुआ है कि एक महिला के तौर पर हम कई बदलावों से गुजरती हैं, चाहे वह शारीरिक हो या फिर मानसिक, मातृत्व, काम और जिंदगी में संतुलन, या बस खुद से प्यार करना सीखना हो, अक्सर उन्हें अनदेखा कर दिया जाता है।

हमें मजबूत बनने के लिए कहा जाता है, लेकिन कमजोर नहीं, आगे बढ़ने के लिए कहा जाता है, लेकिन आवाज उठाने के लिए नहीं। ऑल अबाउट हर के साथ मैं इसे बदलना चाहती थी। मैं एक ऐसा माहौल बनाना चाहती थी जहां कोई भी विषय वर्जित न हो, जहां बातचीत सहज, ईमानदार, असहज और हीलिंग हो।

# यंग एक्ट्रेस के साथ काम करने पर बोले माधवन

एक्टर आर. माधवन ने हाल ही में अपनी उम्र, करियर के फैसलों और रिश्तों में बराबरी को लेकर खुलकर बात की। माधवन हाल ही में फिल्म आप जैसा कोई में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने 40 साल के एक ऐसे शख्स का रोल निभाया जो दुल्हन की तलाश में है। बातचीत में उन्होंने कहा, सबसे पहले आपको उम्र का एहसास तब होता है जब आपके बच्चों के दोस्त आपको अंकल बुलाने लगते हैं। ये सुनकर झटका लगता है, लेकिन फिर आपको मानना पड़ता है। माधवन ने बताया कि इस एहसास का असर उनके काम पर भी पड़ा। उन्होंने कहा, जब आप फिल्में करते हैं तो हीरोइन चुनने में सावधानी रखनी पड़ती है। क्योंकि भले ही वे अभी भी आपके साथ काम करना चाहती है, लेकिन ऐसा लगता है कि एक्टर फिल्म के बहाने मस्ती कर रहा है। लोगों को लगता है कि ये पिक्चर के बहाने ऐश कर रहा है। अगर फिल्म से ऐसा मैसेज जाता है, तो किरदार के लिए रिस्पेक्ट नहीं रहती। उन्होंने कहा आगे ये भी कहा, मुझे ये भी समझ आ गया है कि अब मेरा शरीर 22 साल के लड़के जैसा नहीं है। इसलिए मेरे लिए जरूरी है कि मैं वही काम करूं जो मेरी उम्र और जिन लोगों के साथ मैं काम कर रहा हूं, उनके हिसाब से सही लगे, ताकि चीजें अजीब या गलत न लगें। माधवन ने अपनी शादी और रिश्ते की बराबरी पर भी विचार शेयर किए। उन्होंने कहा कि मेरे माता-पिता भी एक-दूसरे से गहराई से प्यार करते थे। वही चीज मैं और मेरी पत्नी सरिता में भी है, लेकिन मेरे पिता के समय जो बराबरी का मतलब था, वह आज अलग है। अब हमें खुद तय करना पड़ता है कि बराबरी का असली मतलब क्या है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि कभी-कभी दरवाजा खोलना या किसी महिला के लिए दरवाजा पकड़ना कुछ लोगों को बुरा लग सकता है.



# नोरा फतेही का 'डांस विद नोरा'

## अकादमी खोलने का सपना हुआ साझा

ग्लोबल स्टार और परफॉर्मर नोरा फतेही ने इस हफ्ते अपने फैंस को एक यादगार तोहफ़ा दिया। 'ओह मामा! टेटेमा' सिंगर नोरा अचानक मुंबई के कई डांस स्टूडियोज़ में पहुँचीं और वहाँ मौजूद डांसर्स को उनके लेटेस्ट कोरियोग्राफी पर डांस करते देखकर भावुक हो गईं। उनकी इस अप्रत्याशित मौजूदगी ने साधारण वर्कशॉप को एक जादुई अनुभव में बदल दिया। फैंस के प्यार और उनकी कहानियाँ सुनकर नोरा ने पहली बार यह खुलासा किया कि वह अपनी खुद की 'डांस विद नोरा' अकादमी शुरू करना चाहती हैं। सोशल मीडिया पर इस अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने लिखा– यह मुझे जल्द से जल्द अपनी डांस विद नोरा अकादमी शुरू करने के लिए प्रेरित कर रहा है। आप सभी का इतना प्यार देने के लिए शुक्रिया! आप सब से मिलकर मैं खुद को सबसे भाग्यशाली महसूस कर रही हूँ। नोरा के सरप्राइज़ विजिट के दौरान स्टूडियो का माहौल भावनाओं से भर गया। कुछ फैंस की आँखों में आँसू थे तो कुछ की मुस्कान में खुशी छलक रही थी। लोगों को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि उनकी फेवरेट स्टार उनके साथ स्टूडियो में डांस कर रही हैं। विशेष बात यह रही कि नोरा ने सिर्फ हाथ हिलाकर या सेल्फी देकर ही अपने फैंस को खुश नहीं किया, बल्कि खुद डांस वर्कशॉप्स में हिस्सा लिया। बच्चों और युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर डांस किया और उनके व्यक्तिगत अनुभव भी सुने। यही जुड़ाव उन्हें औरों से अलग करता है। नोरा का 'डांस विद नोरा' कैंपेन पहले ही बच्चों और युवाओं को अपनी कला दिखाने का मंच दे चुका है। वह न सिर्फ उनकी वीडियोज़ को रीपोस्ट करके उन्हें प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि मौके पर पहुँचकर उनकी मेहनत को सराहती भी हैं। जहाँ एक ओर उनकी गाने 'ओह मामा! टेटेमा' की धूम दुनिया भर में मची हुई है और आने वाली फ़िल्म 'कंचना 4' से उनका करियर और बुलंदियों पर पहुँचने वाला है, वहीं मुंबई के वे स्टूडियो और वहाँ मौजूद फैंस के लिए असली जादू उनकी सादगी और अपनापन रहा।



# लगातार बारिश से पटना सहित जहानाबाद-गयाजी, नालंदा और नवादा में बाढ़ जैसे हालात

एजेंसी

**पटना :** बिहार में लगातार हो रही बारिश की वजह से पटना सहित नालंदा, जहानाबाद और गया जी जिले में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और मोकामा के हाथीदह घाट पर गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और खतरे के निशान से एक से तीन मीटर ही नीचे है। पटना जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के अभियंता व अंचलाधिकारी ने निरीक्षण किया। दनियावां के जीवनचक, चकराजा के पास महतमाईन नदी के जमींदारी बांध का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। फतुहा में क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मती कराई जा रही है। पटना से सटे धनरुआ प्रखंड में पांच नदियां उफान पर हैं। इससे 16 सौ एकड़ में लगी धान की फसल को नुकसान हुआ है। फल्गु नदी में उफान आने से धनरुआ प्रखंड से होकर बहने वाली कररुआ, भूतही और महताइन नदी में बाढ़ आ गई। इससे अरमल से चकरमल के बीच में छह जगहों पर कररुआ और भुतही नदी का पानी दर्जनों गांवों में घुस गया है। दआतापुर के पास तटबंध टूट गया, जिससे गांव में पानी जाने लगा। इसके बाद सीओ ने तटबंध की मरम्मति का कार्य शुरू कराया। बाढ़ का पानी बहरामपुर, विजयपुरा, पेड़ा और छाती पंचायत के अमरपुरा, सिमहारी, पिपरामा, नसरतपुर, रसलपुर सहित करीब दो दर्जन गांवों में घुस गया है। किसानों ने बताया कि धान की रोपनी दूसरी बार की थी, जिसे भारी नुकसान हुआ है।



## मुंबई में अगले दो दिनों के लिए बारिश का येलो अलर्ट

**मुंबई :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को मुंबई में आगामी दो दिनों 26 और 27 अगस्त के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। शहर और उपनगरों के अलग-अलग हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। इस चेतावनी को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के वर्षा आंकड़ों के अनुसार, रविवार सुबह 8 बजे से सोमवार सुबह 7 बजे के बीच शहर में औसतन 12.41 मिमी, पूर्वी उपनगरों में 13.84 मिमी और पश्चिमी उपनगरों में 18.04 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा बारिश सोमवार सुबह 6 बजे से 7 बजे के बीच हुई। मुंबई शहरी क्षेत्र में, वडाला में बी. नादकर्णी पार्क म्युनिसिपल स्कूल परिसर में 29 मिमी, शिवड़ी कोलीवाड़ा म्युनिसिपल स्कूल परिसर में 25 मिमी और दादर में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज वर्कशॉप क्षेत्र में 24 मिमी बारिश दर्ज की गई है। धारावी के काला किला स्कूल क्षेत्र में (19 मिमी) और वर्ली नाका (16 मिमी) सहित कई अन्य स्थानों पर भी भारी वर्षा दर्ज की गई है। इसी तरह पूर्वी उपनगरों में, मानखुर्द फायर स्टेशन में 28 मिमी, गोवंडी में शिवाजी नगर म्युनिसिपल स्कूल और नूतन विद्या मंदिर में 24 मिमी बारिश दर्ज की गई। चेंबूर फायर स्टेशन और मानखुर्द में एमपीएस महाराष्ट्र नगर में 23 मिमी, घाटकोपर के रमाबाई स्कूल (21 मिमी) बारिश दर्ज की गई। इसी तरह पश्चिमी उपनगरों में भी इसी अवधि में बीकेसी फायर स्टेशन में 26 मिमी, बांद्रा में पाली चिंबई म्युनिसिपल स्कूल में 23 मिमी, सांताक्रूज के नारियलवाड़ी स्कूल और बांद्रा के सुपारी टैंक स्कूल दोनों में 22 मिमी , अंधेरी के चकाला म्युनिसिपल स्कूल में 17 मिमी और एचई वार्ड में 16 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## राजस्थान के कई जिलों में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**जयपुर :** राजस्थान में जारी भारी बरसात ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार हो रही बारिश से कई शहरों, कस्बों और गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। निचले इलाकों में पानी भर गया है, सड़कें और पुलिया डूब गई हैं, वहीं मकानों के ढहने और डूबने की घटनाओं ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। रविवार को सबसे ज्यादा वर्षा नागौर में दर्ज की गई, जहां 7 इंच पानी गिरा। इसके अलावा अजमेर, बीकानेर, दौसा, हनुमानगढ़, जोधपुर, झुंझुनूं और सिरोही सहित कई जिलों में भारी वर्षा हुई। मौसम विभाग ने राज्य में तेज बारिश का दौर 27 अगस्त तक जारी रहने की संभावना जताई है। सोमवार को सिरोही, राजसमंद, उदयपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 13 जिलों में येलो अलर्ट है। बारिश के अलर्ट को देखते हुए जयपुर-सीकर समेत 19 जिलों में कहीं एक तो कहीं दो तो कहीं तीन दिन की स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है।पिछले 24 घंटे में वर्षा जनित कई हादसे हुए। चूरू जिले के सरदारशहर के पूलासर गांव में तालाब में नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। नागौर जिले के बच्चाखाडा गांव में मकान ढहने से दो लोगों की जान गई, जबकि लोहारपुरा में भी एक पुराना मकान गिर गया। उदयपुर के डबोक इलाके में खदान में भरे पानी में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। झालावाड़ में कालीसिंध नदी की पुलिया पर एक कार बह गई। इसमें सवार चार लोगों में से दो की मौत हो गई, जबकि एक सरकारी शिक्षक समेत दो लोग लापता हैं। पिछले 24 घंटों में नागौर में 173 मिमी, डेह में 137 मिमी, जायल में 112 मिमी, खींवसर में 99 मिमी, छोटी खाटू में 92 मिमी, बीकानेर के लूणकरणसर में 91 मिमी, हनुमानगढ़ के गोलूवाला में 92 मिमी, संगरिया में 90 मिमी और सिरोही के माउंट आबू में 71 मिमी बारिश दर्ज की गई। अजमेर, दौसा, धौलपुर, जयपुर, जोधपुर और झुंझुनूं समेत कई जिलों में भी भारी वर्षा हुई। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, मानसून सीजन 15 जून से 25 अगस्त तक राज्य में वर्षा जनित हादसों में अब तक 93 लोगों की मौत हुई है। इनमें से 46 लोग बहने या डूबने, 24 लोग बिजली गिरने और बाकी अन्य हादसों में मारे गए। 51 लोग घायल हुए हैं। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। राज्य में राहत और बचाव कार्यों के लिए रऊक्र्रकी 57 और ढऊक्र्रकी 7 टीमें तैनात की गई हैं। सभी जिलों में सिविल डिफेंस की टीमें भी सक्रिय हैं। अब तक 792 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मानसून ट्रफ इस समय बीकानेर, जयपुर, ग्वालियर और प्रयागराज होते हुए गुजर रही है। साथ ही, राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय है, जिसके कारण अगले तीन दिनों तक राज्य में भारी वर्षा का दौर जारी रहेगा।

# प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग को 5 फीसदी जीएसटी स्लैब में लाने की सरकार से अपील

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देशभर में 2.5 लाख से अधिक प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्यमों का प्रतिनिधित्व करने वाले अखिल भारतीय मुद्रक और पैकेजर महासंघ (एआईएफपीपी) ने शनिवार को अहम वर्चुअल बैठक का आयोजन किया। बैठक का केंद्रबिंदु था-सरकार द्वारा प्रस्तावित वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में सुधार, जिसका उद्देश्य मौजूदा बहु-स्तरीय संरचना को सरल बनाकर दो-स्लैब प्रणाली (5% और 18%) लागू करना है। बैठक में 96 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में सरकार से आग्रह किया कि प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग को 5 प्रतिशत के जीएसटी स्लैब में शामिल किया जाए, ताकि क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता, रोजगार सृजन और निर्यात क्षमता को मजबूती मिल सके। जीएसटी कानून विशेषज्ञ एन.के. थमन ने बैठक में कहा, ₹प्रिंटिंग और पैकेजिंग भारत की आर्थिक संरचना का अभिन्न हिस्सा है। यदि इस क्षेत्र को 18% के स्लैब में रखा गया, तो इससे नवाचार में रुकावट, लागत में वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में गिरावट आ सकती है। चार्टर्ड अकाउंटेंट उदय धोटे, जो एक प्रिंट उद्यमी भी हैं, उन्होंने कहा, ₹उच्च टैक्स दरों से छोटे व्यवसायों पर




बोझ बढ़ेगा, जिससे जरूरी पैकेजिंग उत्पादों की लागत में इजाफा होगा और इसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।₹

### उद्योग का आर्थिक योगदान और संभावनाएं

भारत का प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग वर्ष 2025 तक 150 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने की राह पर है। पैकेजिंग खंड अकेले साल 2025 में 101 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर सकता है और साल 2030 तक यह 10.73% की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 170 अरब डॉलर तक पहुँचेगा। यह क्षेत्र देश के 2.5 मिलियन से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है और अप्रत्यक्ष रूप से कागज, स्याही और लॉजिस्टिक्स जैसे सहयोगी क्षेत्रों को भी प्रोत्साहन देता है। मौजूदा जीएसटी ढांचा और प्रस्तावित प्रभाव वर्तमान में:

कार्डबोर्ड, बॉक्स और कागज जैसे उत्पादों पर 12% जीएसटी लागू है (हाल में 18% से घटाया गया)।

स्टेशनरी जैसे उत्पाद (लिफाफे, डायरी, रजिस्टर आदि) 18% स्लैब में आते हैं।

आवश्यक मुद्रित सामग्री जैसे किताबें 0% या 5% की रियायती दर पर करयोग्य हैं।

प्रस्तावित ढांचे में 12% वाले अधिकांश उत्पादों को 5% में शामिल किया जा सकता है, लेकिन चिंता यह है कि कई सेवाएं 18% स्लैब में स्थानांतरित हो जाएंगी, जिससे उत्पादन लागत में 6% तक की बढ़ोतरी हो सकती है। एआईएफपीपी इस संदर्भ में जीएसटी परिषद् और वित्त मंत्रालय को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपेगा। महासंघ का मानना है कि सरकार से सहयोगात्मक नीति मिलने पर यह क्षेत्र न केवल स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देगा, बल्कि निर्यात में भी बड़ा योगदान देगा।

## हिमाचल में भूस्खलन से तीन नेशनल हाईवे और 625 सड़कें बंद, 1533 ट्रांसफार्मर ठप, 31 अगस्त तक अलर्ट

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में हो रही मूसलाधार वर्षा ने प्रदेशभर में हाहाकार मचा दिया है। लगातार भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है। इससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश का सबसे ज्यादा असर कांगड़ा, चंबा, मंडी, बिलासपुर और कुल्लू जिलों में देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने आज भी कई क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 26 से 31 अगस्त तक प्रदेश के लिए येलो अलर्ट प्रभावी रहेगा। बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो रविवार रात से सोमवार सुबह तक बिलासपुर जिला के काहू में सर्वाधिक 190 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इसके अलावा चंबा के जोत में 159, बिलासपुर के बरठीं में 156, नैना देवी और घाघस में 148-148, बिलासपुर में 140, चंबा के भटियात में 140, मलरान में 120, अंब में 111, अघ्घर में 110, बंगाणा में 104, रायपुर मैदान में 98, घुमरूर में 95, भरवाईं और नादौन में 94-94, सलापड़ व मुरारी देवी में 90-90, धर्मशाला में 87, भरेड़ी और कसौली में 85-85, सुंदरनगर व बलद्वारा में 84-84 मिलीमीटर वर्षा हुई है। भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण प्रदेश में यातायात और बिजली-पानी की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार सोमवार सुबह तक हिमाचल प्रदेश में तीन नेशनल हाईवे और 625 सड़कें अवरुद्ध रहीं। सबसे अधिक 319 सड़कें मंडी जिले में बाधित हुई हैं। इसके अलावा कुल्लू में 101, चंबा में 82, बिलासपुर में 24, सोलन में 22, कांगड़ा में 21, शिमला में 17 और सिरमौर में 15 सड़कें बंद पड़ी हैं। नेशनल हाईवे 305 कुल्लू जिले में कई जगह भूस्खलन से ठप है, जबकि मंडी जिले में एनएच-3 और एनएच-154 भी अवरुद्ध

## बनारस रेल इंजन कारखाना ने रेलवे ट्रैक पर सोलर पैनल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) ने रेलवे ट्रैक पर सोलर पैनल लगाकर एक नया इतिहास रच दिया है। यह प्रयोग देश में पहली बार हुआ है, जहां चलने लायक और मजबूत सोलर पैनल सीधे रेलवे ट्रैक पर लगाए गए हैं। इससे बिजली बनाई जा रही है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल पायलट स्तर पर शुरू हुआ है और इसे आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी का इंतजार है। इस तकनीक को अपनाकर भारत अब स्विट्जरलैंड और जर्मनी के बाद दुनिया का तीसरा देश बन गया है, जिसने ट्रैक पर सोलर पैनल लगाए हैं। बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के मुताबिक सोलर पैनल को खास तरीके से तैयार किया गया है। इन्हें ट्रैक के बीच में रबर पैड और एपॉक्सी गोंद की मदद से लगाया गया है। जरूरत पड़ने पर पैनल को 90 मिनट में हटाया और दोबारा लगाया जा सकता है, जिससे ट्रैक का रखरखाव भी आसानी से किया जा सकेगा। हर पैनल का वजन करीब 32 किलो है और साइज 2.2 मीटर गुणा 1.1 मीटर है। बरेका ने इस प्रोजेक्ट के तहत भारत का पहला हटाया जा सकने वाला 15 किलोवाट का सोलर पैनल सिस्टम एक्टिव रेलवे ट्रैक के बीच स्थापित किया है। इसके साथ बरेका में पहले से ही 3859 किलोवॉट पीक क्षमता वाला सोलर पावर प्लांट लगा है, जिससे हर साल करीब 42 लाख यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन होता है। साल 1956 में भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने इसकी नींव रखी थी और 1961 में यह शुरू हुआ। पहले यह कारखाना डीजल इंजन बनाता था लेकिन 2016 में सरकार की इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव नीति आने के बाद यहां बिजली से चलने वाले इंजन बनने लगे। शुरूआत में सिर्फ दो इंजन बने थे लेकिन अब तक यहां कुल 2538 इलेक्ट्रिक इंजन बनाए जा चुके हैं। जुलाई 2025 तक बरेका कुल 10,860 इंजन बना चुका है, जिनमें 8313 डीजल, 2538 इलेक्ट्रिक, 08 कन्वर्जन और 01 ड्यूल मोड इंजन शामिल है।

## कैथल में रोडवेज बस और पिकअप की टक्कर में चार लोगों की मौत, तीन घायल

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** कैथल में सोमवार सुबह हरियाणा रोडवेज की बस व पिकअप की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हो गए। हादसे का शिकार हुए सभी व्यक्ति पंजाब के बठिंडा से गाड़ी में सवार होकर कुरुक्षेत्र के पिहोवा स्थित गुरुद्वारा में होने वाले एक कार्यक्रम में जा रहे थे। पंजाब से आ रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी जैसे ही कैथल के गांव क्योड़क के पास पहुंची तो हादसा हो गया। बस की टक्कर से गाड़ी पलट गई। इस गाड़ी में 7 लोग सवार थे। हरियाणा रोडवेज की बस पिहोवा की ओर जा रही थी। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मरने वालों की पहचान नरेंद्र (62), हकीकत (57), काकू सिंह (67) और मक्खन सिंह (60) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सात लोग पिकअप में रविवार शाम को पिहोवा में बाबा दिलीप सिंह, जीवन सिंह व जंगीर सिंह की बरसी पर होने वाले कार्यक्रम में जा रहे थे। रात ज्यादा होने के चलते वह कैथल के मंजी साहब गुरुद्वारा में रुक गए। सुबह 6 बजे पिहोवा के लिए रवाना हुए। जैसे ही क्योड़क गांव में रिलायंस पंप के पास पहुंचे तो रोडवेज बस ने पीछे से उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गए।घायलों को कैथल के सिविल अस्पताल में लाया गया, जहां से 65 वर्षीय तारा सिंह, 70 वर्षीय कुलवंत और 55 वर्षीय मंदर सिंह को चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया।

# सराफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज सोने के भाव में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में 100 रुपये से लेकर 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी आई है। इसके विपरीत चांदी आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम महंगा हो गया है। कीमत में गिरावट आने के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,560 रुपये से लेकर 1,01,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 93,100 रुपये से लेकर 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 1,21,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,660 रुपये प्रति 10



ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,100 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,01,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,01,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 93,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### घर में फांसी लगाकर युवक ने दी जान, परिवार में मचा कोहराम

**मीरजापुर :** कछवां थाना क्षेत्र के भागीरथपुर गांव में सोमवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब 18 वर्षीय किशन कश्यप पुत्र अनिल कश्यप ने घर में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। परिजन के मुताबिक, किशन रविवार की रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद सोने गया था। देर रात उसने कमरे के पंखे में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह जब परिजन जागे तो किशन को फंदे से लटकता देख दंग रह गए। तत्काल उसे नीचे उतारा गया और इसकी सूचना कछवां पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशन अपने पिता का इकलौता बेटा था। पिता अनिल कश्यप चेन्नई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। घर पर दो छोटी बहनें हैं जिनकी अभी शादी नहीं हुई है। परिजन ने बताया कि किशन जिम्मेदार और शांत स्वभाव का लड़का था, घर में किसी प्रकार का तनाव या कलह भी नहीं था। मृतक के चाचा प्रवीण कुमार कश्यप, जो पुलिस विभाग में एसआई पद पर जौनपुर में तैनात हैं, उन्होंने बताया कि रात 12 बजे तक सभी लोग जाग रहे थे और सामान्य रूप से दिनचर्या पूरी की थी। आखिर किशन ने ऐसा कदम क्यों उठाया, यह परिवार के लिए अब भी रहस्य बना हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार की मौत

**तिनसुकिया (असम) :** डिगबोई टिंगराई इलाके में नॉर्थ ईस्ट ढाबा के सिधापुल के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-38 पर एक सड़क दुर्घटना हुई है। एक चार पहिया वाहन (एएस-03एई-9128) और स्कूटी के बीच आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, मृतक व्यक्ति की पहचान डिगबोई बापापुंग निवासी भरत गोगोई के रूप में हुई है। ज्ञात हो है कि वह डिगबोई के गोपनारी बॉटलिंग प्लांट में रसोई गैस लाने वाले वाहन का चालक था। डिगबोई पुलिस ने सोमवार को बताया कि मृतक भरत गोगोई का एक हाथ और एक पैर हादसे के दौरान शरीर से कटकर अलग हो गया जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना स्थल पर डिगबोई पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### कछार पुलिस ने 41 लाख की हेरोइन के साथ तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**कछार (असम) :**खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर, तीन व्यक्तियों को एक ऑटो में संदिग्ध हेरोइन ले जाते समय कछार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कछार पुलिस ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान उबीर अली (30, दरंग), रजक अली (26, दरंग) और मोइज अली (30, दरंग) के रूप में की गयी है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत काले बाजार में लगभग 41.5 लाख रुपये आंकी गयी है। रविवार रात पुलिस द्वारा ली गयी तलाशी के दौरान तीनों के पास से 83 ग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की गई। हेरोइन को प्लास्टिक की 7 साबुनदानी में रखकर तीनों ने अपने पेट पर टेप से चिपका रखा था। पुलिस ने मौके पर मौजूद स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में हेरोइन को जब्त कर लिया। ड्रग डिटेक्शन किट से जांच के दौरान सकारात्मक परिणाम मिले। आगे की जांच जारी है।

### केवाईकेएल कैडर गिरफ्तार, मणिपुर में हथियारों का जखीरा और सुपारी तस्करी का भंडाफोड़

**इंफाल :** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने बीते 24 घंटे के दौरान चलाए गए अभियान में एक उग्रवादी कैडर को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही भारी मात्रा में हथियार-गोला-बारूद बरामद हुए और दो तस्करों को सुपारी की खेप के साथ पकड़ा गया।पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि काकचिंग जिले के तांगजेंग खुन्नौ इलाके से पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन कांगलेई यावोल कन्ना लुप (केवाईकेएल) कैडर थोंगम दिलीप मैतेई को दबोचा। नापत मयाई लाइकाई निवासी मैतेई पर स्कूलों और ईंट-भट्ठा मालिकों से रंगदारी वसूलने का आरोप है। उसकी गिरफ्तारी के दौरान दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं, जिनसे संगठन की आर्थिक गतिविधियों का खुलासा होने की संभावना है। उधर, इंफाल ईस्ट जिले के हुईकाप गांव की पहाड़ियों से सुरक्षा बलों ने हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया। इसमें चार किलो का आईईडी, 9 एमएम पिस्तौल, दो सिंगल बैरल राइफल, ग्रेनेड, बड़ी मात्रा में कारतूस और वायरलेस सेट शामिल हैं। इससे संकेत मिलता है कि हथियार किसी समन्वित आतंकी योजना का हिस्सा थे। इसी दौरान बिष्णुपुर जिले के फौगकचाओ इकाई बाजार में एक टाटा योधा वाहन से दो युवकों को 30 बोरी सुपारी के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मोहम्मद अजीज खान (23) और मोहम्मद सुरज खान (20) के रूप में हुई है। जब्त खेप का वजन 1300 किलो से अधिक बताया गया है। अधिकारियों ने इन संयुक्त अभियानों को राज्य में रंगदारी नेटवर्क और अवैध तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता करार दिया है।

### एलजी की अधिसूचना के खिलाफ दिल्ली के वकीलों का न्यायिक बहिष्कार जारी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के पुलिस थानों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये गवाही देने के अनुमति देने के दिल्ली के उप-राज्यपाल (एलजी) के नोटिफिकेशन के खिलाफ वकीलों की ओर से न्यायिक बहिष्कार आज भी जारी है। आज दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में पुलिस वालों और सरकारी वकीलों को कोर्ट में प्रवेश करने से रोक दिया गया। दिल्ली के वकीलों की ओर से न्यायिक बहिष्कार का आज तीसरा दिन है। कड़कड़डूमा कोर्ट की शाहदरा बार एसोसिएशन के सेक्रेटरी नरवीर डबास बता रहे थे कि अगर पुलिस थानों में गवाही होने लगेगी तो न्याय दुर्लभ हो जाएगा। ये पक्षकार और वकील, दोनों में से किसी के हित में नहीं है। दिल्ली की निचली अदालतों के सभी बार एसोसिएशंस के संगठन कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशंस के आह्वान पर 22 अगस्त से वकील न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर रहे हैं। अब वकीलों ने सड़कों पर प्रदर्शन करने और उप-राज्यपाल के दफ्तर का घेराव करने की योजना भी बना रहे हैं। दिल्ली के वकीलों की मांग का उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन और दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने भी समर्थन किया है। 23 अगस्त को दोनों संगठनों ने उप-राज्यपाल के नोटिफिकेशन को वापस लेने की मांग की। उच्चतम न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय की बार एसोसिएशंस ने अलग-अलग नोटिस जारी कर ये मांग की। इस हड़ताल का आह्वान दिल्ली की निचली अदालतों के सभी बार एसोसिएशंस के संगठन कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशंस ने किया है। कोआर्डिनेशन कमेटी ने कहा कि दिल्ली के उप-राज्यपाल ने 13 अगस्त को एक नोटिफिकेशन जारी कर पुलिस थानों से पुलिसकर्मियों के बयान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये दर्ज करने की अनुमति दी थी। इसके लिए कुछ स्थान तय किए गए हैं। उप-राज्यपाल के इस फैसले के खिलाफ कोआर्डिनेशन कमेटी ने 20 अगस्त को दिल्ली के उप-राज्यपाल, केंद्रीय गृह मंत्री, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपना विरोध जताया था। कोआर्डिनेशन कमेटी के मुताबिक उप-राज्यपाल का नोटिफिकेशन केंद्रीय गृह सचिव के 15 जुलाई 2024 के सर्कुलर के विपरीत है। केंद्रीय गृह सचिव के सर्कुलर में पुलिस थानों में किसी भी किस्म की गवाही से इनकार किया गया था। कोआर्डिनेशन कमेटी ने 20 अगस्त को लिखे पत्र में कहा था कि उप-राज्यपाल के इस नोटिफिकेशन को 48 घंटों के अंदर वापस लिया जाए। लेकिन दो दिनों के बावजूद इस पत्र पर विचार नहीं किया गया। उसके बाद कोआर्डिनेशन कमेटी ने 21 अगस्त को आपात बैठक कर दिल्ली की सभी जिला अदालतों में 22 और 23 अगस्त को न्यायिक कार्यों के बहिष्कार का फैसला किया था। जब उप-राज्यपाल और गृह मंत्रालय की ओर से कोई सकारात्मक उत्तर नहीं आया तो कोआर्डिनेशन कमेटी ने 25 अगस्त को भी हड़ताल जारी रखने का फैसला किया।

### भाजपा कार्यालय में होगा शपथ ग्रहण समारोह

**रायपुर :** आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह होगा। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में इसका आयोजन होगा, जहां पर भारतीय जनता पार्टी के नवीन पदाधिकारी शपथ लेंगे। ये शपथ ग्रहण कार्यक्रम 11:30 बजे होगा। इस बीच भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा दायित्व लेंगे, इसके साथ ही महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अशोक साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, और अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष सत्य नारायण सिंह साथ ही अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान अपना दायित्व संभालेंगे।

न्यूज IN ब्रीफ

## घर घर जाकर गर्भवती महिला और बच्चों का सर्वे कर सूची तैयार करें : अजय शर्मा

**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय स्थित सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में सोमवार को सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान की अध्यक्षता में सहीया साथी और बटीटी के सभी प्रखंडों का पहला बैच यूनिसेफ के सहयोग और आरडीडी दुमका के निर्देश के अनुसार निमित्त टीकाकरण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।इस संदर्भ में डीपीसी अजय शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में 6 सप्ताह और 14 सप्ताह पूरा वैक्सीन पूरा होने के बाद सहीया साथी को प्रत्येक बच्चा की ओर से₹25 दिया जाएगा।प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि घर घर जाकर गर्भवती महिला और बच्चों की सूची तैयार कर माता एवं बच्चों की सूची तैयार कर सहीया अप कार्यक्रम के माध्यम से अपने कार्यों का डाटा अपलोड करें।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीपीटी अजय शर्मा,जिला कार्यक्रम समन्वयक संदीप कुमार,डाटा मैनेजर अमित कुमार,सदानंद यादव सहित दर्जनों सहीया उपस्थित थे।

## सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश : उपायुक्त

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने समहरणालय स्थित ईभीएम वेयरहाउस का सोमवार को मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा और प्रबंधन का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनकी सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उपायुक्त ने वेयरहाउस में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही उन्होंने कर्मियों को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए ईभीएम की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एसकेएमयू ने पीएच.डी. प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी की

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने पीएच.डी. नामांकन के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस वर्ष विश्वविद्यालय ने कुल 386 सीटों के लिए विभिन्न विषयों में नामांकन की घोषणा की है। *राजभवन के निर्देश पर इस बार विश्वविद्यालय ने पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं कराने का निर्णय लिया है।* केवल वही छात्र आवेदन कर सकेंगे जिन्होंने यूजीसी-नेट, जेआरएफ, नेट (पीएच.डी. श्रेणी), गेट या जेट परीक्षा उत्तीर्ण की हो। यहाँ बता दे कुछ दिन पूर्व ही राजभवन ने पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा पर रोक लगा दी थी। इस बार केवल वही छात्र आवेदन कर सकेंगे जिन्होंने स्नातकोत्तर में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों तथा यूजीसी-नेट, जेआरएफ, नेट (पीएच.डी. श्रेणी), गेट या जेट परीक्षा उत्तीर्ण की हो। विश्वविद्यालय ने चयन प्रक्रिया हेतु दो श्रेणियाँ बनाई हैं। प्रथम श्रेणी में विश्वविद्यालय के स्थायी शिक्षक, जेआरएफ तथा गेट उत्तीर्ण छात्र शामिल होंगे, जिनका चयन केवल 100 अंकों के साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। द्वितीय श्रेणी में यूजीसी-नेट, नेट (पीएच.डी. श्रेणी) तथा जेट उत्तीर्ण छात्रों को 70 प्रतिशत वेटेज पात्रता परीक्षा और 30 प्रतिशत वेटेज साक्षात्कार पर दिया जाएगा।

*छात्रों को ऑफलाइन आवेदन करना होगा।* आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर भरना होगा, जिसे छात्र स्पीड पोस्ट द्वारा विश्वविद्यालय को भेज सकते हैं अथवा विश्वविद्यालय के ओएसडी (पीएच.डी.) कार्यालय में हाथों-हाथ जमा कर सकते हैं। आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 2000 तथा एससी, एसटी और दिव्यांग वर्ग के लिए 1000 निर्धारित है, जिसका भुगतान चालान अथवा डिमांड ड्राफ्ट से करना होगा।

## श्रद्धा उल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा गणेश महोत्सव

**दुमका :** बांधपाड़ा गणेश पूजा समिति की ओर से इस वर्ष भी 27 अगस्त 2025 को गणेश महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ किया जा रहा है। यह महोत्सव 1991 से निरंतर बांधपाड़ा ठाकुड़बाड़ी मंदिर प्रांगण में आयोजित होता आ रहा है और वर्षों से क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बन चुका है।

बांधपाड़ा गणेश पूजा समिति के सदस्य सुदीप राउत उर्फ बिक्की राउत ने बताया कि इस वर्ष की विशेषता भगवान गणेश की 25 फीट ऊँची विशाल प्रतिमा है, जो भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगी। प्रतिमा का भव्य स्वरूप भक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा और अद्भुत दिव्यता का संचार करेगा।

पूरे उत्सव के दौरान समिति द्वारा विविध धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में भाईचारा, सांस्कृतिक विरासत और सेवा की भावना को भी मजबूत करना है।

बांधपाड़ा गणेश पूजा समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित इस ऐतिहासिक आयोजन में सम्मिलित होकर इसे और भव्य व सफल बनाने में योगदान दें।

## भविष्य संवारने को रोटरी क्लब की पहल, 31 को करियर काउंसलिंग प्रोग्राम

**झुमरी तिलैया :** रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा दिशा करियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन दिनांक 31 अगस्त को शिव वाटिका में किया जाएगा दिशा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का काउंसलिंग ऐमबीए श्री मनोज चौधरी कोलकाता करेंगे अपने विश्वसनीय परामर्श के द्वारा भविष्य निर्माण मे 20000 से अधिक छात्रों को उन्होंने अपना मार्ग निर्देशन दिया है परामर्श के रूप में 12 वर्षों से अधिक का अनुभव है पश्चिम बंगाल आकाश इंस्टीट्यूट के हेड के रूप में 7 वर्षों तक काम किया पश्चिम बंगाल बिहार असम आदि प्रदेशों में कई सरकारी संगठनों को अपना परामर्श निर्देशन मनोज चौधरी जी ने दिया कार्यक्रम के परियोजना निदेशक आशीष खेतान ने बताया कि इस कार्यक्रम में 8 से 12 क्लास के बच्चे अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं विशेषज्ञ काउंसलिंग के द्वारा अपने लक्ष्य का निर्धारण कर सकते हैं बच्चे अपने करियर को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं पढ़ाई के क्रम में आने वाले परेशानी को किस प्रकार दूर कर सकते हैं आपसी संवाद मार्गदर्शन विशेषज्ञ की सलाह से शिक्षा के क्षेत्र में अपने भविष्य का निर्धारण कर सकते हैं पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर नवीन जैन ने कहा कि कॉलेज के छात्र छात्राएं भी अपने भविष्य के विकल्पों का मूल्यांकन कर सलाह प्राप्त कर सकते हैं अपने भविष्य के लक्ष्य निर्धारण के लिए इस कार्यक्रम का हिस्सा बने मोबाइल नंबर 9334365552 पर संपर्क करके अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# नशे के कारोबार पर आरपीएफ का शिकंजा 22 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** प्रभारी निरीक्षक कोडरमा दीपक कुमार के निर्देशन में लगातार नशे के कारोबार पर आरपीएफ शिकंजा कश रहा है. इसी कड़ी में उप निरीक्षक सुशील कुमार साथ सहायक उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण सिंह, आरक्षी राम बाबू यादव एवं आरक्षी पूरन चन्द्र मीणा सभी आरपीएफ पोस्ट कोडरमा द्वारा रविवार को कोडरमा रेलवे स्टेशन पर आई गंगा दामोदर एक्सप्रेस ट्रेन में चेकिंग के दौरान कोच सं. एच - 1 के ट्रेन के डी के बर्थ संख्या 11 पर यात्रा कर रहे यात्री बिरेन्द्र चौहान, उम्र 43 वर्ष, पिता सिद्धनाथ चौहान, जलहरा निवासी थाना राजपुर, जिला बक्सर (बिहार) के पास एक बैग तथा एक झोला में 03 अदद गांजा का पैकेट बरामद किया गया. जिसे कार्रवाई हेतु सुरक्षित पोस्ट कोडरमा लाया गया. पश्चात




कोडरमा एसडीओ रिया सिंह द्वारा कार्रवाई को लेकर प्रतिनियुक्ति कार्यपालक दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी कोडरमा सदर रविभूषण प्रसाद के समक्ष तीनों गाँजा के पैकटो का वजन कराया गया जिसका कुल वजन 22. 320 कि. ग्रा. पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 3,34,800 रुपए आँका गया। आरपीएफ के पूछताछ में बताया कि स्वंय अपने बिहार राज्य के जलहरा गॉव में गांजा का छोटा- छोटा पुड़िया बनाकर जरूरतमंद व्यक्तियों को बेचता हूँ। मुझे पता चला कि उड़ीसा राज्य के ब्रहमपुर में गांजा कम दाम में मिलता है। जिस कारण मैं ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए ब्रहमपुर जाकर एक स्थानीय से गांजा खरीदा और तीनों गांजा के पैकेटों को लेकर गंगा दामोदर एक्सप्रेस से यात्रा करते हुए पटना जा रहा था कि कोडरमा स्टेशन पर पकड़ा गया। कार्यपालक दंडाधिकारी एवं गवाहों के समक्ष वीडियोग्राफी करते हुए विधिवत कार्यवाही करते हुए जप्ती सूची तैयार कर जप्त किया गया. एवं पकडे गए व्यक्ति का गिरफ़्तारी रिपोर्ट बनाते हुए गिरफ़्तार किया गया। जप्त गांजा एंव गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कार्यवाही हेतु राजकीय रेल थाना कोडरमा को सुपुर्द किया गया।

### पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया गया संकल्प

## पर्यावरण रक्षा के लिए पेड़ ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच : थाना प्रभारी



मेट्रो रेज संवाददाता

**चंदवारा :** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के द्वारा जिला भर के विभिन्न थाना परिसर में लगभग 1800 फलदार पौधों को प्राप्त कराया गया इसी उपरांत रविवार को चन्दवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार के द्वारा थाना परिसर में पौधारोपण किया गया साथ ही थाना क्षेत्र के आम लोगों के बीच पौधा का वितरण भी किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारि ने स्वंय पौधा लगाकर हरियाली और पर्यावरण संरक्षरण का संदेश दिया तथा उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियो कर्मियों एवं मौके पे उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। वनों और वृक्षों क संरक्षण से ही स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण संभव है। वर्तमान बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में पौधारोपण जैसी पहलें अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष हमें प्राणवायु, छाया और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में कम -से-कम एक वृक्ष अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करें। यह संदेश दिया कि पुलिस विभाग केवल कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी ही नहीं निभाता, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति भी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाता है। इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना और नागरिकों को पार्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना ही हमारा उद्देश्य है। सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों सामूहिक रूप से परिसर में पौधारोपण किया तथा वृक्षों की सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प लिया. पूरे परिसर में सौंदर्य और हरियाली बढ़ाने की दृष्टि से विभिन्न प्रजातियो के पौधे लगाए गए। थाना प्रभारी के द्वारा आम जनता के बीच पौघा का वितरण किया एवं पर्यवरण को बचाने का आग्रह किया। जिससे वातावरण शुद्ध ओर स्वच्छ बने रहे। मौके पर एस आई पवन कुमार, दिलीप मंडल, विद्या भूषण राय, चंदवारा पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, बलराम कुमार, विनोद यादव, राजेंद्र सिंह, अमित कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## श्रद्धा उल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा गणेश महोत्सव

संवाददाता

**दुमका :** बांधपाड़ा गणेश पूजा समिति की ओर से इस वर्ष भी 27 अगस्त 2025 को गणेश महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ किया जा रहा है। यह महोत्सव 1991 से निरंतर बांधपाड़ा ठाकुड़बाड़ी मंदिर प्रांगण में आयोजित होता आ रहा है और वर्षों से क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। बांधपाड़ा गणेश पूजा समिति के सदस्य सुदीप राउत उर्फ बिक्की राउत ने बताया कि इस वर्ष की विशेषता भगवान गणेश की 25 फीट ऊँची विशाल प्रतिमा है, जो भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगी। प्रतिमा का भव्य स्वरूप भक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा और अद्भुत दिव्यता का संचार करेगा। पूरे उत्सव के दौरान समिति द्वारा विविध धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में भाईचारा, सांस्कृतिक विरासत और सेवा की भावना को भी मजबूत करना है। बांधपाड़ा गणेश पूजा समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित इस ऐतिहासिक आयोजन में सम्मिलित होकर इसे और भव्य व सफल बनाने में योगदान दें।

## पेड़ से लटका मिला युवती का सड़ा-गला शव, इलाके में सनसनी

**दुमका :** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के नवपहाड़ जंगल में एक 40 वर्षीय अज्ञात युवती का कई दिन पुराना सड़ा-गला शव पेड़ से लटका हुआ मिला। शव की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को बरामद कर जांच शुरू कर दी है। हत्या, आत्महत्या या दुष्कर्म के बाद हत्या–हर एंगल से पड़ताल जारी है। मौके पर थाना प्रभारी अमित लकड़ा मौजूद थे.

### सरायकेला खरसावां के उपायुक्त हैं प्रेरणास्त्रोत

## खड़े होकर जनता दरबार में लोगों की बातें पीड़ा और समस्या को सुनते और जानते हैं

बिनय मिश्रा

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2017 बैच के आईएएस अधिकारी नीतीश कुमार सिंह झारखंड के ऐसे आईएएस अधिकारी हैं जो उपायुक्त पद पर रह कर लोगों की बात, पीड़ा और समस्या को जनता दरबार में खड़े होकर जानते और सुनते हैं ।

जिला के सर्वोच्च पदाधिकारी का ऐसे स्वभाव और तरीके से जिलावासी काफी प्रभावित है क्योंकि जिला के सर्वोच्च पदाधिकारी से मिलने और बात करने के लिए काफी समय तक इंतजार भी करना पड़ता है तब जाकर उपायुक्त से मुलाकात होती



है और अपनी बात कहने के लिए कम समय में ही सारी जानकारी भी देनी पड़ती है किंतु नव पद स्थापित उपायुक्त श्री सिंह के द्वारा जिस प्रकार से स्नेह ,अपनापन व समस्या और पीड़ा को जानने की कोशिश की जाती है वह अपने आप में अनुकरणीय और प्रेरणा स्त्रोत है । हमें ऐसे आईएएस अधिकारी और उपायुक्त पर निश्चित तौर पर गर्व है।

विदित हो कि सरायकेला खरसावां के उपायुक्त के रूप में उनकी पदस्थापना 26 मई को हुई और उन्होंने अपना पदभार 27 मई को ग्रहण किया।

## दुमका में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का हुआ स्वागत, जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

मेट्रो रेज संवाददाता

**बरकट्ठा (दुमका) :** झारखंड की उप-राजधानी दुमका पहुँचने पर अध्यक्ष झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, पूर्व विधायक, बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव का पिछड़ा वर्ग के विभिन्न मंच-मोर्चा के प्रतिनिधियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों ने अध्यक्ष महोदय को ज्ञापन सौंपकर स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से दुमका जिला में पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की कमी और अन्य चुनौतियों का मुद्दा उठाया, जिसका सीधा असर उनके जीवन पर पड़ रहा है। अध्यक्ष श्री यादव ने सभी उपस्थित मंच और मोर्चा



के लोगों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा सौंपे गए एक-एक ज्ञापन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा और समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के लोगों के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्तर में सुधार और उन्नति के लिए आयोग पूरी निष्ठा से कार्यरत है। आयोग लगातार इस दिशा में गहन अध्ययन और चिंतन कर रहा है। श्री यादव ने दृढ़ता से कहा निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में पिछड़ा वर्ग के लोगों को न्याय मिलेगा।

## ओबीसी मोर्चा ने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष को सम्मानित करते हुए सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

**दुमका :** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संताल परगना की और से झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव को पुष्पगुच्छ देकर और साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष असीम कुमार मंडल के अगुवाई में मोर्चा की ओर से पिछड़े वर्ग की मांग से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया।

केंद्रीय प्रधान महासचिव डॉ. अमरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से झारखंड में जातिगत जनगणना कराकर अभिलंब पिछड़े वर्गों को आबादी के अनुरूप आरक्षण देने पिछड़ा वर्ग आयोग केअनुशंसा के आलोक में तत्काल दुमका और झारखंड में पिछड़ा वर्ग को 36 प्रतिशत आरक्षण देने, पंचायत को इकाई मानकर अनुसूचित क्षेत्र का निर्धारण करते हुए सभी एकल पदों का आरक्षण सुनिश्चित करने, प्रत्येक पंचायत में हाई स्कूल और प्रखंड में डिग्री कॉलेज का निर्माण करने, मोर्चा ने आउटसोर्सिंग बहाली में पिछड़ों को आरक्षण का लाभ



सुनिश्चित करने सहित कई अन्य मांग शामिल है। मोर्चा के पदाधिकारी ने ट्रिपल टेस्ट के नाम पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खाना पूर्ति करने का आरोप लगाया। आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे निभाने के लिए वह पिछड़ा वर्ग की समस्याओं से अवगत होने के लिए प्रत्येक जिलों का दौरा कर रहे हैं। वह रविवार को तारापीठ से पूजा करके लौटे थे। बहुत जल्द आयोग की पूरी टीम के साथ दुमका जिला में आकर यहां की वस्तु स्थिति को जानने समझने और चिंतन मनन करने का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि जब हम विधायक थे उसे समय से पिछडो का हक और अधिकार दिलाने की लड़ाई लड़ते आए हैं। झारखंड राज्य में ओबीसी की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से जिस जगह पर रहना चाहिए थी वहां नहीं पहुंच पाया है उसे मुकाम तक पहुंचाना है। प्राइवेट कंपनी द्वारा विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से जो नियुक्तियां हुई है, उसमें पिछड़ा वर्ग की क्या स्थिति है उसकी भी समीक्षा की जाएगी। हाई कोर्ट के निर्देश पर ट्रिपल टेस्ट का कार्य पूरा हो चुका है। जिसमें पिछड़ों को आरक्षण दिया जाना है। इस वर्ष नवंबर दिसंबर तक चुनाव आयोग निकाय चुनाव करा सकती है। पिछड़ों के सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक स्तर को मजबूत कर उसे सामाजिक न्याय दिलाना आयोग का मुख्य मिशन है। पिछड़ों को 27 परसेंट आरक्षण देने के लिए सरकार की मंशा बिल्कुल साफ है। सरकार ने दो बार सदन के पटल पर आरक्षण का बिल पास किया लेकिन उसे राज्यपाल के स्तर से स्वीकृति नहीं मिल पाई। नाना कहा कि इस्लामाबाद मोर्चा की ओर से जो मांग पत्र सोपा गया है वह मांग नहीं उनका अधिकार है। जिस पर आयोग गंभीर है। मौके पर मोर्चा के संरक्षक दिवाकर महतो, महासचिव रंजीत जयसवाल व दयामय माजी, जयकांत जायसवाल, सुबोध यादव, विष्णु यादव, संजय यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।